

पेज -3 पर
संसदीय सचिव की अगुवाई में हजारों श्रद्धालु बाइक से पहुंचे सिरपुर

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 270 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, सोमवार 8 अगस्त 2022



आकाशीय बिजली से हुई जन-धन हानि की जांच करने और प्रकरण तैयार करने ..
पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना का किया जिक्र

### छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में लिया हिस्सा

रायपुर। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की सातवीं बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बैठक से संबन्धित एजेंडा बिन्दुओं के अतिरिक्त राज्यहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और विषयों पर अपनी बात रखी।



वहीं, बैठक में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना का जिक्र भी किया।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री ने विशेषकर गोधन न्याय योजना का जिक्र करते हुए कहा कि, गोबर से तैयार हो रहे वर्मी कम्पोस्ट खेतों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक है द्य कहा यह किसानों के हित में अच्छी योजना है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में नीति आयोग ने प्रदेश के आकांक्षी जिलों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की है। लेकिन राज्य में संसाधनों की समस्याएँ अभी भी हैं, जिनका समाधान होना चाहिए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ अनाज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है। फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना लागू करने के साथ ही छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन गठित किया गया है। श्री बघेल ने सुझाव दिया कि फसल विविधीकरण एवं दलहल, तिलहन का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवीन विकसित फसल क़िस्मों के निःशुल्क बीज मिनी किट एवं ब्रीडर सीड बड़े पैमाने पर कृषि अनुसंधान संस्थानों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के संबंध में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 20 हजार से कम आबादी के शहरों में मनरेगा लागू करने का दिया सुझाव**

**राज्यहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और विषयों पर अपनी बात रखी**

## दुर्ग-बीजापुर जिले में रेड अलर्ट

### मौसम विभाग ने अति बारिश के साथ वज्रपात की जताई संभावना, बस्तर क्षेत्र में ऑरेंज अलर्ट जारी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले और राजस्थान के जैसलमेर, कोटा, एवं मध्यप्रदेश के रायसेन और सिवनी में मानसून द्रोणिका का निम्न दाब का केंद्र बना हुआ है। यह दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर अंडमान सागर तक स्थित है। इससे छत्तीसगढ़ के दुर्ग व बीजापुर जिले में अगले 24 घंटे के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। यहां अति बारिश के साथ वज्रपात होने की संभावना जताई जा रही है। रायपुर मौसम विभाग से मौसम वैज्ञानिक एसपी चंद्रा ने बताया कि उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी व उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तटीय उड़ीसा और तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके साथ ही ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा 7.6 किलोमीटर की ऊंचाई तक विस्तारित है। इनके प्रभाव से छत्तीसगढ़ के अधिकांश जगहों पर गरज चमक के साथ हल्की व मध्य वर्षा होने की संभावना है। साथ ही एक दो स्थानों पर वज्रपात होने की भी संभावना है। इसे लेकर दुर्ग व बीजापुर जिले में रेड अलर्ट जारी किया गया है।



### दक्षिणी छत्तीसगढ़ क्षेत्र में भारी वर्षा की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल 8 अगस्त को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के साथ कुछ जगहों पर गरज चमक के साथ छीटे पड़ेंगे। वहीं छत्तीसगढ़ के दक्षिणी क्षेत्र के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा व एक-दो स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की संभावना है।

### बस्तर क्षेत्र में ऑरेंज अलर्ट

*प्रदेश के बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर, कोंडागांव और कांकेर जिले के एक दो स्थानों पर अति बारिश की संभावना है। इसे देखते हुए यहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।*

## एक नजर

### रिटायरमेंट के साथ ही टेंडर का खेल

**गरियाबन्द ।** रिटायरमेंट के पांच दिन पहले ट्राइबल डिपार्ट के नामचीन बाबु साहब जाते जाते भी,विभागीय टेंडर कार्य मे खेला कर गए थे।53 लाख के 9 कार्य का गुपचुप टेंडर निकला और हड़ताल अवधि में ही चहेते ठेकेदारों को प्रपत्र जारी हो गया।अन्य ठेकेदारों की शिकायत के बाद कलेक्टर ने निविदा निरस्त कर दिया। कलेक्टर प्रभात मलिक ने आदिवासी विकास विभाग द्वारा छात्रावास व आश्रम मरम्मत के लिए जारी 55 लाख के 9 कार्यो को निरस्त कर दिया है।आज आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने निविदा निरस्त की जनाकारी सूचना बोर्ड में चस्पा किया है।

## छत्तीसगढ़ में फिर डराने लगा कोरोना, 493 नए मरीज मिले, 4 की मौत

### एक्टिव केस 3371, पॉजिटिविटी दर 5.30%

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार को प्रदेश में 493 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 3371 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 509 रायपुर व 318 एक्टिव केस दुर्ग जिले में हैं।

कोरोना से दुर्ग में 2, रायपुर में 1 और बिलासपुर जिले में 1 मरीज की मौत भी हुई है। प्रदेश में कोरोना के साथ स्वाइन फ्लू के मरीज भी मिल रहे हैं। स्वाइन फ्लू के अब तक 14 मरीज मिल चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सावधानी बरतने अलर्ट जारी किया है। राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के मुताबिक शनिवार को 9 हजार 306 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 493 नए संक्रमित मिले हैं। दुर्ग में जिले में सबसे ज्यादा 70 मरीजों की पुष्टि हुई है। पिछले 24 घंटे में 625 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। वहीं 5 लोग हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 4.24त्न से बढ़कर 5.30त्न हो गई है। छत्तीसगढ़ में कोरोना से अब तक 14 हजार 79 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं अब तक 11 लाख 68 हजार 930 लोग संक्रमित हो चुके हैं। पूरे प्रदेश में दुर्ग, रायपुर व राजनांदगांव जिले में सबसे ज्यादा मरीज मिल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मंकीपॉक्स व स्वाइन फ्लू को लेकर सभी जिलों को अलर्ट जारी किया है।



## पूर्व मंत्री मूणत ने निकाली विशाल कांवड़ यात्रा

### जगह-जगह स्वागत, बरसे फूल; 2 दिन पहले यहीं कांग्रेस विधायक ने किया था आयोजन

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कांवड़ यात्रा निकाली। अपने समर्थकों के साथ मूणत बोल बम का नारा लगाते दिखे। बड़ी संख्या में महिलाएं भी इस यात्रा में शामिल थीं।

कंधे पर कावड़ लिए मूणत लोगों की अगुवाई करते आगे चल रहे थे। धुमाल बाजे की धुन पर नाचते-गाते लोग बोल बम का नारा लगाते आगे बढ़ रहे थे। रास्ते में कोई जगह इस कांवड़ यात्रा पर फूलों की बारिश भी हुई।

सावन के अंतिम सोमवार से ठीक 1 दिन पहले रविवार को इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खमतराई इलाके से यह यात्रा शुरू हुई और हनुमान मंदिर गुढ़ियारी से पहाड़ी चौक, कबीर चौक, तेलगानी नाका, ओवरब्रिज होते हुए महादेव घाट पहुंची। आमापारा, लाखे नगर चौक, सुंदर नगर चौक पर यात्रा का भव्य स्वागत भी हुआ।



### भगवा के साथ तिरंगा भी

इस कांवड़ यात्रा में बोल बम का नारा लगाते युवकों के पास भगवा झंडा भी था और तिरंगा झंडा भी। आजादी के अमृत महोत्सव की झलक इस यात्रा में भी देखने को मिली। यात्रा में घोड़े और ऊंट का भी बंदोबस्त किया गया था। इस पर बैठे युवक झंडा लहराते भगवान शिव का हर हर महादेव जय घोष करते आगे बढ़ रहे थे।

### शक्ति प्रदर्शन

राजेश मूणत की इस विशाल कांवड़ यात्रा को सियासी नजर से भी देखा जा रहा है । दरअसल 2 दिन पहले राजेश मूणत को विधानसभा चुनाव में हराने वाले इसी इलाके के कांग्रेसी विधायक विकास उपाध्याय ने भी कांवड़ यात्रा का आयोजन किया था।



बिजली बिल हाफ पर अब लाभ की पर्ची

## बिल के साथ स्लिप देकर बताया जा रहा कितनी छूट दी गई, 41 लाख उपभोक्ताओं तक पहुंचेगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली बिल हाफ योजना पर नया दांव खेला है। बिजली कंपनी जुलाई महीने के बिल के साथ एक अलग पर्ची भी दे रही है। इसमें बताया जा रहा है कि बिजली बिल हाफ योजना के तहत संबंधित उपभोक्ता को कितनी छूट दी गई है। इस पर्ची में यह जानकारी है कि योजना शुरू होने से अब तक उपभोक्ता को कितने रुपए की छूट दी जा चुकी है। सामान्य तौर पर बिजली बिल में फिक्स्ड चार्ज, एनर्जी चार्ज, ड्यूटी, सेस आदि मदों का जिक्र होता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने मार्च 2019 से बिजली बिल हाफ योजना शुरू की थी। इसके तहत 400 यूनिट तक की खपत में बिजली बिल पर आधी राहत दी जा रही है। तब से बिजली कंपनी बिल में एक मद बनाकर बाकायदा बताती रही है कि उस महीने के बिल में रिबेट कितना दिया गया है। अगस्त 2022 से बिजली कंपनी ने एक अलग पर्ची में इस छूट का विशेष उल्लेख करना शुरू कर दिया है। इस पर्ची में लिखा है कि बिजली बिल हाफ योजना के अंतर्गत 400 यूनिट तक बिजली की खपत पर बिल आधा कर दिया जाता है। इसके तहत आपको निम्नलिखित छूट का लाभ प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही कनेक्शन नंबर, उपभोक्ता का नाम, बिल जारी होने का महीना, इस माह छूट का लाभ और योजना शुरू होने से लेकर अभी तक कुल छूट का लाभ का मद बना हुआ है। राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक मनोज खरे का कहना है, बिजली बिल में भी रिबेट की जानकारी दी गई होती है।



## पुलिस मुखबिरी के शक में मौत की सजा

### घर से उठाकर युवक का रेता गला; साल भर पहले किया था अगवा, तब भाग निकला था

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में माओवादियों ने पुलिस की मुखबिरी के शक में एक युवक को मौत की सजा दे दी है। करीब 10 से 15 माओवादियों ने शनिवार की रात युवक को पहले घर से उठाया फिर जंगल में ले जाकर धारदार हथियार से गला रेत दिया। वारदात को अंजाम देने बाद शव को गांव में ही फेंक दिया। बताया जा रहा है कि, सालभर पहले भी माओवादियों ने युवक को अगवा किया था, लेकिन वह किसी तरह उनके चंगुल से भाग निकला था। मामला जिले के उसूर थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, युवक माड़वी सोमडू गलगम इलाके के इत्तागुड़ा का रहने वाला था। नक्सली लगातार इसे ढूंढ रहे थे। नक्सलियों को खबर मिली थी कि युवक अपने भाई के ससुराल गलगम में है। इसके बाद शनिवार देर रात करीब 10 से 15 माओवादी घर पहुंच गए। जिसे घर से उठाकर जंगल की तरफ लेकर गए। वहीं पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर धारदार हथियार से गला रेत कर युवक की हत्या कर दी। फिर शव को गांव में ही फेंक दिया और भाग निकले। ग्रामीणों ने सुबह हत्या की जानकारी पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सालभर पहले भी नक्सली युवक को उठाकर ले गए थे। कई दिनों तक बंदी बनाकर रखा था। उनके चंगुल से छूटने के बाद युवक कई महीनों तक गांव से बाहर था।

## ट्रेन रद्द करने को लेकर रेल प्रशासन का पुतला जला

**बिलासपुर ।** रेलवे प्रशासन के मनमानी के खिलाफ ब्लाक कांग्रेस-1 बिलासपुर शहर द्वारा रेल प्रशासन का पुतला जलाया गया, स्थानीय राघवेन्द्र सभा भवन चौक पर जनता की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने पुतला जलाया, 6 अगस्त से 14 अगस्त तक के लिए 68 ट्रेनें अचानक रद्ध कर दी गई, 1 महीने में तीसरी बार बड़ी संख्या में ट्रेनें रद्ध की गई है, रेलवे के तुगलकी फरमान के विरोध में बड़ी आंदोलन की तैयारी की जा रही है, कांग्रेस नेता महेश दुबे ने इस अवसर पर कहा कि रेल प्रशासन मेन्टेनेंस के नाम पर, नई रेल लाईनों के निर्माण के नाम पर, भाड़ा बढ़ाकर यात्री गाड़ी रद्ध कर रहा है।

विश्व आदिवासी दिवस

रायपुर में विशेष जनजातीय समूहों की सांस्कृतिक संध्या का रंगारंग आयोजन

## मंत्री टेकाम ने मांदर बजाकर कलाकारों का किया उत्साह वर्धन

**रायपुर।** रायपुर में विशेष जनजातीय समूहों की सांस्कृतिक संध्या का रंगारंग आयोजनविश्व आदिवासी दिवस- रायपुर में विशेष जनजातीय समूहों की सांस्कृतिक संध्या का रंगारंग आयोजन विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष रूप से संरक्षित जनजातीय समूहों की पारंपरिक खेल मड़ई की सांस्कृतिक संध्या का आयोजन आज रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में हुआ। ऑडिटोरियम में संध्या 5 बजे से विशेष रूप से पिछड़ी जनजातीय समूह के सांस्कृतिक दलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संसदीय सचिव श्री द्वारकाधीश यादव ने की। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि सहित आदिम जाति कल्याण विभाग सचिव श्री डी.डी. सिंह एवं आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी विशेष रूप से उपस्थित थीं। मंत्री डॉ प्रेमसाय टेकाम ने कार्यक्रम के दौरान मांदर बजाकर किया कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जनजातियों के शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, कौशल विकास, आजीविका तथा सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में राज्य सरकार द्वारा विशेष रुप से कमजोर जनजातीय समूह को 23 हजार 600 से अधिक व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं, जिसका रकबा 18500 हेक्टेयर से अधिक है। सामुदायिक वन अधिकार के तहत 1700 से अधिक पट्टे जिसका रकबा एक लाख 14 हजार हेक्टेयर से अधिक है। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को आजीविका का साधन उपलब्ध कराने के लिए 100 से अधिक सामुदायिक वन संसाधन वन अधिकार पत्र दिए गए हैं।





## राज्यपाल ने पीए मोदी को बांधी राखी

### गोबर से बनी माला, गौमूत्र किया भेंट; कहा-छत्तीसगढ़ में NEP के लिए अधिक प्रयास की जरूरत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसूईया उइके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखी बांधी है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना की। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ की गौशाला में तैयार गोबर की माला, गौमूत्र और अन्य उत्पाद भेंट किए। मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था ओर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-NEP का मुद्दा भी उठाया। आजादी का अमृत महोत्सव की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल होने दिल्ली गईं राज्यपाल अनुसूईया उइके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न विषयों और समसामयिक गतिविधियों पर चर्चा हुई है। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की जानकारी दी। उन्होंने अपराध नियंत्रण को लेकर अपने विचार साझा भी किए। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को बताया कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए और अधिक प्रयास की आवश्यकता है।



# विराट लोकतंत्र पर अंत्योदय का हस्ताक्षर, त्रेता युग जैसी आनंद की अनुभूति कर रहा देश

ताहि देइ गति राम उदारा।/सबरी कें आश्रम पगु धारा॥/सबरी देखि राम गृहं आए।/मुनि के बचन समुझि जियं भाए॥ रामायण की यह चौपाई बताती है कि त्रेता युग में प्रभु श्रीराम ने वनवास काल में जब आदिवासी माता शबरी के आश्रम में कदम रखा, तो माता शबरी प्रसन्नता के किस पहाड़ पर विराजमान हो गईं। आज जब भारत अपने स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तो ऐसे में रायसीना हिल्स पर स्थित देश की सर्वोच्च गद्दी पर संथाल जनजाति की एक आदिवासी बेटी आदरणीय द्रौपदी मुर्मू के आसीन होने से देश उसी आनंद की अनुभूति कर रहा है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का यह अनुपम एवं पावन अवसर है, जहां एक गरीब परिवार की संथाल आदिवासी महिला का राष्ट्रपति के रूप में राष्ट्रपति भवन में पदार्पण हुआ है। यह समूचा घटनाक्रम भाजपा और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अंत्योदय सोच और वंचितों के सशक्तीकरण के प्रति उनकी वचनबद्धता का प्रमाण है। देश के सर्वोच्च सांविधानिक पद पर द्रौपदी मुर्मू जी का बैठना विश्व के विराटतम लोकतंत्र पर अंत्योदय का सशक्त हस्ताक्षर है। उनका राष्ट्रपति पद का शपथ ग्रहण किसी पार्टी या प्रदेश के लिए ही नहीं, पूरे देश के लिए गर्व का क्षण था।

उन्होंने साबित कर दिया कि भारत का लोकतंत्र सशक्त भी है और समावेशी भी। यहां समाज के हर वर्ग का व्यक्ति देश के नेतृत्व का सपना देख भी सकता है और दृढ़ निश्चय के बल पर उसे पूरा भी कर सकता है। झोपड़ी से राष्ट्रपति भवन तक का सफर तय कर हमारी महामहिम जी ने भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के माथे पर एक स्वर्णिम तिलक लगाया है। महामहिम का निर्वाचन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आजाद भारत की एक सुनहरी तस्वीर पेश करने की ऐसी अनुपम कोशिश है, जिसके माध्यम से हमारे प्राचीन समावेशी समाज की अद्भुत और अप्रतिम विशेषता जनमानस के समक्ष गौरवशाली ढंग से पेश हो रही है, कि देश के राष्ट्रपति का स्थान अब एक आदिवासी महिला ने ले लिया है। यह सिर्फ और सिर्फ भारत में ही संभव है। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रूप में भारतीय लोकतंत्र की गाथा में एक सुनहरा अध्याय जुड़ गया है। राष्ट्रपति मुर्मू करोड़ों जनजातीय महिलाओं और युवाओं के लिए आइकॉन बन गई हैं, क्योंकि उनका जीवन है ही इतना प्रेरणादायी। विकास के हाशिये पर पड़े ओडिशा के मयूरभंज जिले के एक पिछड़े आदिवासी गांव में पली-बढ़ीं द्रौपदी मुर्मू अपने गांव में कॉलेज जाने वाली पहली लड़की थीं। फिर उन्होंने अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ शिक्षिका के तौर पर उस पिछड़े इलाके के बच्चों का भविष्य संवारा। लेकिन वह यहीं नहीं रुकीं, उन्होंने सामाजिक जीवन में सक्रियता बढ़ाई और पहले पंचायत नेता, फिर विधायक और मंत्री भी बनीं। महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी को आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए कार्य करने का 20 वर्षों का लंबा अनुभव है। वह झारखंड की राज्यपाल भी बनीं और अपना कार्यकाल पूरा करने वाली वहां की पहली गवर्नर भी। उनके प्रेरणादायी जीवन, कठोर पारिवारिक त्रासदियों के बावजूद देशसेवा के प्रति अद्भुत समर्पण को देखकर ही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए ने उन्हें अपना राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया। उनकी जीत के आंकड़े ने साबित कर दिया कि विपक्ष के उम्मीदवार प्रतीकात्मक लड़ाई भी नहीं लड़ पाए। 20 जून, 2022 को अपना 64वां जन्मदिन मनाने वाली हमारी महामहिम ने आजादी के बाद पैदा होने वाली पहली राष्ट्रपति होने का गौरव भी हासिल किया है। यह सब समीकरण आज़ादी के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर सोने में सुहागा जैसा है। जनजातीय समाज को अपने ही एक साथी का देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचना गौरवान्वित भी कर रहा है और भावुक भी। क्योंकि पिछले सात दशकों में भारत के नौ फीसदी जनजातीय समाज से वादे तो बहुत किए गए, वोट भी बटोरे गए, लेकिन देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचाने की बात कभी नहीं की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दशकों के इंतजार को खत्म करके जनजातीय समाज के साथ न्याय किया, उन्हें सम्मान दिया।

आजादी का अमृत महोत्सव

आज़ादी का अमृत महोत्सव

*प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया है कि जनजातीय समाज को केवल विकास की मुख्यधारा से जोड़ना ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें सर्वोच्च सम्मान देना भी जरूरी है। मेरा सौभाग्य है कि द्रौपदी मुर्मू जी के निर्वाचन के बाद ही मुझे उन्हें कुछ रोचक पुस्तकें भेंट करने का अवसर मिला।*

प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया है कि जनजातीय समाज को केवल विकास की मुख्यधारा से जोड़ना ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें सर्वोच्च सम्मान देना भी जरूरी है। मेरा सौभाग्य है कि द्रौपदी मुर्मू जी के निर्वाचन के बाद ही मुझे उन्हें कुछ रोचक पुस्तकें भेंट करने का अवसर मिला। उनकी सादगी, राष्ट्रप्रेम और देश के पिछड़ों, वंचितों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान की चिंता उनके व्यक्तित्व की विशालता को दर्शाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महात्मा गांधी और पं दीनदयाल उपाध्याय के सपनों के भारत की प्रतीक हैं। आजादी के अमृत काल में यह भारत के लोकतंत्र के लिए सशक्तीकरण का अविस्मरणीय क्षण है।

अनुराग ठाकुर

## संपादकीय

### फिर उजागर हुई तालिबान और आतंकियों से सांठगांठ

अमेरिका और पाकिस्तान के इनकार के बावजूद, दोनों ने मिलकर काम किया, जिसने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को 9/11 के मास्टरमाइंड और खूंखार आतंकवादी अयमान अल-जवाहिरी की हत्या की सफलता पर खुशी मनाने का मौका दिया। इसके अलावा पाकिस्तान ने आतंकवादियों के साथ तालिबान की साठगांठ को उजागर किया और चीन की गोद में पूरी तरह जाने से इनकार कर दिया, जो अमेरिका की जगह महाशक्ति देश बनने की कोशिश कर रहा है। विदेश नीति विश्लेषकों का मानना है कि पाकिस्तान ने अमेरिका की मदद के लिए चार-आयामी रणनीति अपनाई होगी, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से सात अरब डॉलर का ऋण प्राप्त करने में अमेरिका की भूमिका का आश्वासन, जवाहिरी पर रखे गए 2.5 करोड़ डॉलर का इनाम पाना, एफएटीएफ की ग्रे सूची से मुक्ति और डूरंड रेखा पर परेशानी पैदा करने वाले तालिबान को सबक सिखाना शामिल होगा। इसलिए पाकिस्तान ने अमेरिका को खुफिया जानकारी प्रदान की, जिससे अमेरिका को सटीक हमला करने में मदद मिली और केवल जवाहिरी का खात्मा किया गया, बाकी अन्य किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। इसने तालिबान शासन को दोहा समझौते के उल्लंघन के लिए कठघरे में खड़ा कर दिया है। समझौते में तालिबान ने प्रतिबद्धता जताई थी कि वे किसी भी आतंकी संगठन को किसी देश के खिलाफ अपनी जमीन का उपयोग नहीं करने देंगे, लेकिन उसका उल्लंघन किया गया।

# वह भाषण जो मैं दे पाता.. यह सरकार जिद्दी-अहंकारी है, आम आदमी पर डाला करों का बोझ

इस बहस को और कुछ दिन पहले शुरू होना चाहिए था। मैं नियम 267 के तहत होने वाली बहस और किसी दूसरे नियम के तहत होने वाली बहस के फर्क को समझ पाने में विफल हूं। यह सरकार जिद्दी है, जिसके लिए लोग इसकी अहंकारी प्रवृत्ति को जिम्मेदार ठहराते हैं। सबसे पहले मूल्यवृद्धि पर बात करते हैं। यह बहस देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर नहीं है।

अगर होती, तो कुख्यात मुद्रास्फीति के बाद से इस सरकार के आर्थिक प्रबंधन, बल्कि कुप्रबंधन पर हम सैकड़ों तरह की बात कर सकते थे। कीमत बढ़ रही है। बढ़ती कीमत से खासकर गरीब और मध्यवर्गीय लोगों का जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। उपभोग और बचत में गिरावट आ रही है। परिवारों का कर्ज बढ़ रहा है और खासकर महिलाओं और बच्चों में कुपोषण बढ़ रहा है। दुर्भाग्य से, हमारी सरकार इन तथ्यों को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। उस दिन मैं यह सुनकर हैरान रह गया कि माननीय वित्तमंत्री ने दूसरे सदन में यह कहा कि जीएसटी की दरों में वृद्धि का लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा है! उनकी इस टिप्पणी पर मैं सबसे अंत में सरकार के सामने एक चुनौती पेश करना चाहूंगा।

मैं उम्मीद करता हूं कि यह बहस अपने उद्देश्यों से नहीं भटकेगी। %तू-तू-मैं मैं% से यह बहस कहीं नहीं पहुंचेगी। मैं सरकार और उसके सभी सम्माननीय सदस्यों से प्रार्थना करता हूं कि वे अवहनीय मूल्यवृद्धि की वास्तविकता को स्वीकार करें और इससे संबंधित प्रासंगिक प्रश्न का जवाब तलाशने की कोशिश करें -%मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने के लिए सरकार क्या कदम उठाएगी?% मौजूदा मुद्रास्फीति के कारणों की तलाश करना सबसे महत्वपूर्ण है। वित्तीय घाटे से मैं इसकी शुरुआत करता हूं। हम जानते हैं कि बढ़ता हुआ और चिंताजनक वित्तीय घाटा कीमतों को प्रभावित करता है। इसकी व्याख्या करने का समय मेरे पास नहीं है। इस साल के बजट में सरकार का अनुमानित वित्तीय घाटा 6.4 फीसदी या 16,61,196 करोड़ रुपये था। अप्रैल से जून के बीच वित्तीय घाटा 3,51,871 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। हम जानते हैं कि सरकार ने खर्च को घटाकर दिखाया है। क्या सरकार ने राजस्व की प्राप्ति को भी घटाकर दिखाया है? क्या सरकार वित्तीय घाटे को 6.4 फीसदी पर बरकरार रख पाएगी? हम इस बारे में सरकार से ठोस जवाब चाहते हैं। अब हम चालू खाते के घाटे पर बात करते हैं। अप्रैल-जून में चालू खाते का घाटा 30 अरब डॉलर के आसपास था। जुलाई में व्यापार घाटा 31 अरब डॉलर था। पूरे साल का चालू खाते का घाटा अगर 100 अरब डॉलर से अधिक हो जाए, तो इसके भयावह नतीजे होंगे। सरकार इस सदन को बताए कि चालू खाते का घाटा कम करने के लिए वह क्या कर रही है? माननीय सभापति महोदय, इस मुद्दे पर भी मैं स्पष्ट जवाब चाहूंगा। तीसरी खतरे की घंटी ब्याज दर है। हम जानते हैं कि नीतिगत दरें रिजर्व बैंक द्वारा तय की जाती हैं। सरकार ने मौद्रिक नीति समिति में तीन सदस्यों को नामित किया है। सरकार का सचिव रिजर्व बैंक के बोर्ड में है। लिहाजा सरकार यह नहीं कह सकती कि इस मामले में उसकी कोई जवाबदेही नहीं है। जब विकसित देश उदार मौद्रिक नीति पर अमल करते हुए बाजार में पैसे झोंक रहे थे, तब भारत ने उनका अनुसरण करना शुरू किया। अब वे ब्याज दर बढ़ा रहे हैं। मुझे लगता है कि अपना देश भी अब उदार मौद्रिक नीति से पीछा छुड़ाएगा। अगर रिजर्व बैंक ब्याज दर में वृद्धि जारी रखता है, तो मांग में कमी आएगी, जिससे कीमत भी घटेगी।



संसद सत्र

*इस सरकार के पास दिमाग और हृदय हो, तो सबसे पहले यह पेट्रोल और डीजल पर टैक्स कम करेगी, एलपीजी की कीमत घटाएगी और उन आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स में की गई वृद्धि तत्काल वापस लेगी, जिनका इस्तेमाल मध्यवर्ग और गरीब करते हैं। माननीय सभापति महोदय, अब मैं उस चुनौती पर आता हूं, जिसके बारे में मैंने पहले बताया था।*

पी. चिदंबरम

## मिला जुला

# जिला एथलेटिक्स टीम चयन स्पर्धा, जिलेभर से खिलाड़ी शामिल

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

जिला स्तरीय एथलेटिक्स टीम के लिए चयन हेतु यहां वन विभाग खेल मैदान में चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में हिस्सा लेने जिलेभर से खिलाड़ी पहुंचे जिन्होंने टीम में स्थान बनाने अपनी प्रतिभा दिखाई।



खिलाड़ियों के लिए चार वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में 14 वर्ष के लिए 60 600 मीटर दौड़, लांग, हाई जम्प, शॉटपुट और 14 वर्ष हेतु 300, 800, 2000 मीटर दौड़, 80 मीटर बांधा दौड़, लॉग, हाई जंप, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, हेमर थ्रो, जैवेलिन थ्रो, बालक वर्ग के लिए 5 हजार और बालिका वर्ग के लिए 3 हजार मीटर वॉक, 18 से 20 और 20 से 23 वर्ष तक महिला पुरुष के लिए 100, 200, 400 600, 500 और 3 हजार मीटर दौड़ 100 मीटर बालिका के लिए बाधा दौड़ और बालकों के लिए 110 मीटर इसके अलावा हाई, लांग, ट्रीपल जम्प, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, हेमर थ्रो, जैवलिन थ्रो और बालिका के लिए 5 हजार तथा बालकों के लिए 10 हजार मीटर पैदल वॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आज पूरे देशभर में जैवेलिन डे मनाया जा रहा है। इसके तहत सभी जिलों में जैवेलिन डे के तहत भाला फेंक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। वन विभाग की खेल प्रशिक्षक चारुलता ने बताया कि आज के दिन ही विश्वविजेता नीरज चोपड़ा ने भाला फेंककर न सिर्फ इतिहास रचा था बल्कि देश को गोल्ड मैडल भी दिलाया था।

# खाद्य मंत्री अमरजीत परिवार के साथ महामाया मां का दर्शन करने पहुंचे

जोहार छत्तीसगढ़- रतनपुर।



रायपुर से अम्बिकापुर जा रहे खाद्य मंत्री अमरजीत भगत अल्प प्रवास पर रतनपुर में महामाया देवी के दर्शन करने पहुंचे जहां पर उनके स्वागत के लिए कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता पहले से महामाया प्रांगण पहुंच गए थे जैसे ही मंत्री का आगमन हुआ। गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात उन्होंने सपत्नीक मां महामाया देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की और छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली की कामना की वहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर हालचाल जाना और महामाया मंदिर के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया मंदिर के बाद मंत्री का काफि ला पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचा जहां पर उन्होंने भोजन करने के बाद स्थानी पत्रकारों से चर्चा की फिर उनका काफि ला अपने गंतव्य स्थान अंबिकापुर के लिए रवाना हो गए इस दौरान कांग्रेस के स्थानीय नेता नीरज जायसवाल,कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सूर्या और एल्डरमैन मदन कहरा, पूर्व उपाध्यक्ष न पा दामोदर क्षत्रिय, रवि रावत राजा रावत इत्यादि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में शिव महापुराण का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।



अयोध्या नगर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में शिव महिला मंडल द्वारा शिवपुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच रही हैं। 10 अगस्त को हवन के साथ समापन होगा। और दूसरे दिन 11 को दोपहर 3 बजे से सहस्त्राधार जलाभिषेक किया जाएगा। सोमवार को मंदिर में ध्वज चढ़ाया जाएगा। बता दें कि मंदिर का निर्माण आसपास के लोगों ने मिलकर कराया है। देखरेख भी महिला समिति स्वयं के खर्च पर कर रही हैं। समिति में रेखा आचार्य, सचिव संगीता खरे, कमला ध्रुव, शिवबाई देवदास, सरोजनी सिंह ठाकुर, मिलन तोमर, राजकुमारी सक्सेना, सुनंदा जोशी, डी सिंग, भावना परमार, नीता साहू, दामिनी,साहू, सुशीला सतपथी अन्य शामिल हैं।

एसबीआई करतला में चोरी का प्रयास

# तीन दरवाजे काट स्ट्रांग रूम पहुंचे चोर, चेस्ट भी काटा

**कोरबा** । भारतीय स्टेट बैंक एसबीआइ करतला शाखा में चोरों ने धावा बोल कर चोरी करने की नाकाम कोशिश की। चोर गिरोह ने पूरी तैयारी से योजना बना कर बैंक को निशाना बनाया। अपने साथ गैस कटर लेकर गए थे। बैंक के पीछे हिस्से से घुसे चोरों ने पहले तीन दरवाजे काटे, फिर स्ट्रांग रूम के अंदर पहुंचने के बाद चेस्ट को भी गैस कटर से काटने का प्रयास किया। पूरी तरह चेस्ट काट नहीं पाए और फरार हो गए।

करतला बाजार के पास एसबीआइ शाखा संचालित है। यहां चौकीदार विहीन इस बैंक के पिछले हिस्से से चोर घुसे। दरअसल पिछले हिस्से में शीट से निर्मित बाथरूम है। इसमें सड़क की ओर एक्जास्ट फैन लगा था। चोरों ने इसे निकालने के बाद दीवाल तोड़ कर उसे थोड़ा चौड़ा कर लिया। इसके साथ ही चोर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद इत्मीनान से बैठ कर बैंक के अंदर घुसने लोहे के ग्रिल का ताला तोड़ा। बैंक के अंदर प्रवेश करने के बाद लोहे के गेट को अपने साथ लाए गैस कटर से काटा। स्ट्रांग रूम तक पहुंचने के लिए वहां लगे गेट को भी चोरों ने तोड़ा। इस तरह गिरोह स्ट्रांग रूम के अंदर प्रवेश कर गया और नोट रखने के चेस्ट को गैस कटर से काटने लगे। माना जा रहा है कि काफी मजबूत चेस्ट होने की वजह से उसे पूरी तरह काट पाते, उससे पहले भोर हो गई और आरोपितों को भागना पड़ा। इस घटना की जानकारी शनिवार की सुबह 8.30 बजे उस वक्त हुए जब बृजेश कुमार बैंक पहुंचा। बैंक खोले जाने पर सामने आई।

# बर्तन चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।



बर्तन चोरी के आरोप में बसना पुलिस ने दो युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से करीब एक लाख रुपए का बर्तन बरामद किया गया है। बसना पुलिस के अनुसार बर्तन चोरी के आरोप में बसना निवासी बुटु उर्फ गजनी पिता जितेन्द्र देवार 20 एवं सुनील देवार पिता कालिया देवार 19 को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने चोरी के बाद बेचने की फि राक में थे। पुलिस एफ आईआर दर्ज करने के बाद आरोपी की पतासाजी कर रही थी। गजनी व सुनील देवार का नाम सामने आया, दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया और चोरी के बर्तन को परसकोल नाला में फेंकना बताया। पुलिस ने निशानदेही पर नाला के अंदर से चोरी के बर्तन से बरामद किए।

# ऑनलाइन ठगी करने वाले 2 गिरोह पुलिस के गिरफ्त में ऑनलाइन ठगी से करोड़ों रूपये का लगा चुके हैं चुना

44 डेबिड कार्ड, एटीएम कार्ड, 14 सिम 07 नग मोबाईल पैन कार्ड, अधार कार्ड, इंडिया पोस्ट पेमेंट कार्ड, पास बुक एवं नगदी रकम बरामद

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम गनिया निवासी नीरा बाई ध्रुव के साथ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा जरिये मोबाइल फोन संपर्क कर, उसे 25 लाख रूपये की लॉटरी लगने का झांसा देकर, प्रोसेसिंग के नाम पर दो एसबीआई बैंक खाता क्रमांक क्रमशः 38702783389 तथा 33159673233 में कुल 48100 जमा कराते हुये ठगी कारित किया गया था। जिस संबंध में 31 जुलाई 2021 को प्रार्थिया नीरा बाई ध्रुव के द्वारा थाना नवागढ में लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया थाए जिस पर प्रथम दृष्टया धारा 420 भादवि का अपराध घटित होना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान आरोपियों से संबंधित खाता क्रमांक 38702783389 तथा 33159673233 के धारको के संबंध में पतासाजी किया गया। जो कि खाता क्र. 38702783389 ओमप्रकाश यादव पिता बद्रीप्रसाद, साकिन करौंदिया, पोस्ट उमरिया, मप्र के नाम से तथा खाता क्रं0 33159673233 करतार सिंह अरोरा, आसनसोल, प. बंगाल के नाम से पंजीबद्ध होना पाया गया। आरोपियों से संबंधित खाता को तत्काल होल्ड करवाया गया था। आरोपियो की पतासाजी हेतु राज्य के बाहर टीम भेजी गयी थी जिसमें से एक टीम पं. बंगाल गयी थी इस टीम द्वारा की गयी पता साजी व प्राप्त जानकारी के अधार पर 04 अगस्त 2022 को खाताधारक ओमप्रकाश यादव को थाना नवागढ में प्रकरण के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने दोस्त जय गुप्ता, वर्तमान निवास भोपाल के द्वारा कॉलेज की फीस आना बताकर, रकम का ट्रांजेक्शन किया जाना बताया गया। ओमप्रकाश यादव से जय गुप्ता के संबंध में पूछताछ करने पर उसको वर्तमान में भोपाल में निवासरत होनाए उसका मूल निवास बिहार राज्य का होना बताया गया, तथा उसके कुछ दिन मे बिहार चले जाने के संबंध में जानकारी दिया गया। तब पुनः वरिष्ठ अधिकारियों को हालात से अवगत कराकर, निर्देशानुसार आरोपी पतासाजी बाबत निर्देशित करने पर, तत्काल टीम रवाना कर आरोपी जय गुप्ता उर्फ आकाश कुमार को थाना नवागढ लाया गया। आरोपी आकाश कुमार उर्फ जय गुप्ता, से थाना नवागढ में पूछताछ करने पर उसके द्वारा बिहार में ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के संपर्क में रहकर ठगी करने का काम सीखना, वर्ष 2020-21 के दौरान मोहिनी विहार, 232, भोपाल में किराये में रहना, जो कि ओमप्रकाश यादव का उसके कॉलेज में फार्मेसी की पढ़ाई करना, और एमपी नगर भोपाल में रहना, जो कि कॉलेज जाने के दौरान बस में आना जाना करने के दौरान ओमप्रकाश यादव से जान पहचान होना, जिस पर ऑनलाइन ठगी कारित करने के लिये ओमप्रकाश यादव से इस संबंध में बातचीत कर, उसका एसबीआई अकाउंट नं. 38702783389 को उपयोग करने के संबंध में सहमति प्राप्त किया जाना, विभिन्न सिम कार्ड और मोबाइल फोन के जरिये ठगी का काम करना और ठगी की रकम को अलग अलग खातो में ट्रांसफर कराया करना, बाद उक्त रकम को फिर से अन्य खातों तथा एटीएम के माध्यम से आहरण करना बताया गया। ओमप्रकाश यादव को रकम स्थानांतरण होने पर उसको कुछ कमीशन दिया जाना बताया। वर्ष जुलाई 2021 के दौरान मो.नं0 8103685270 के धारक से संपर्क कर उससे ठगी करते हुयेए अलग अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कराना जो कि एक खाता ओमप्रकाश यादव का होना बताया। आरोपी आकाश कुमार उर्फ जय गुप्ता द्वारा स्वयं को करीबन 2 साल से इस प्रकार के कार्यों में संलिप्त रहना इस दौरान विभिन्न बैंक खातों तथा मोबाइल एवं मोबाइल नंबरों का प्रयोग किया जाना बताया जाकर वर्तमान में इस प्रकार के कार्य करने हेतु प्रयुक्त मोबाइलए सिम कार्डए एटीएम कार्डए अपने बैंक से संबंधित पासबुक, दस्तावेज एवं उसके पास मौजूद ठगी की रकम को अपने कब्जे में रखा होना बताया गया। आरोपी आकाश कुमार उर्फ जय गुप्ता के प्रस्तुत करने पर उससे कुल 07 नग मोबाइल ;एक आईफोन 13 मिनी, एक रियलमी कंपनी का मोबाइल, एक रेडमी कंपनी का मोबाइल, 02 एमआई कंपनी के मोबाइल, 02 नोकिया कंपनी के की.पैड मोबाइलद्ध जुमला कीमती करीबन 98500 विभिन्न बैंको के डेबिट कार्ड कुल 44 नग, एक पैन कार्ड आकाश कुमार के नाम का, एक इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक कार्ड, दो पासबुक, आधार कार्ड आकाश कुमार के नाम काए विभिन्न सर्विस प्रोवाइडर से संबंधित मोबाइल सिम कार्ड कुल 14 नग, तथा ठगी की बचत रकम 10600 को वजह सबूत जप्त कर कब्जा पुलिस किया गया। प्रकरण से संबंधित खाता क्रमांक 8702783389 के धारक ओमप्रकाश यादव के अकाउंट स्टेटमेंट के अवलोकन पर दिनांक घटना समय दौरान प्रकरण से संबंधित ट्रांजेक्शन के अतिरिक्त उस दौरान बहुत अधिक संख्या में रकम का ट्रांजेक्शन होना पाया गया। जो कि संबंधित खाताधारक का इस प्रकार के कार्यों में संलिप्त होना पाया गया। संपूर्ण घटनाक्रम के दौरान प्रकरण में आरोपी आकाश कुमार उर्फ जय गुप्ता पिता कृष्णा साह, साकिन पिपरा, थाना मांझागढ, गोपालगंज, बिहार का ऑनलाइन ठगी गिरोह का कार्य करने तथा प्रकरण में खाता क्रं0 8702783389 के धारक ओमप्रकाश यादव पिता बद्रीप्रसाद, साकिन करौंदिया, पोस्ट उमरिया, मप्र का संलिप्त होना पाये जाने पर थाना नवागढ के अप. क्रं 294/21, धारा 420, 34 भादवि 66 डी आईटी एक्ट के मामले में गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज बीएन मीणा भापुसे के सतत मॉनिटरिंग एवं पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह भापुसे के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक अजय सिन्हा, सउनि, तुलाराम देशमुख, आर. हेमप्रसाद, संतोष साहू एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।

## एक नजर

### इंडियन रोटी बैंक का 55 वां सप्ताह सफलता पूर्वक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



इंडियन रोटी बैंक महासमुन्द का 55वां सप्ताह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रुप से इंडियन रोटी बैंक महासमुन्द के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर कार्यक्रम की शुरुआत रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, नयापारा, रायपुर रोड़, जिला सहकारी अस्पताल, गुरूद्वारा व दलदली रोड़ स्थित वृद्धाश्रम व अन्य क्षेत्र के भूखे और जरुरतमंद लोगों को भोजन पैकेट भोजन के रुप मे वेज पुलाव और ब्रेड् वितरण करके कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। जिसमें मुख्य रुप से इंडियन रोटी बैंक महासमुन्द के जिला कोर्डिनेटरण टिकेन्द्र निर्मलकर सोनु, विकास यादव इंडियन रोटी बैंक महासमुन्द के कार्यकर्ता मौजूद रहें। इस अवसर पर रत्नाकर यादव, कूबेर, उमेश साहु, उदित सुर्यवंशी, विक्की यादव, प्रांजल ठाकुर, अल्लू खांन, मिंटू, नौशाद अली, डिकेश पटेल, टिंकू,राघव परूवा तरुण भोय,भूपेश उपस्थित थे।

### घर के बाहर से बाईक पार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

घर में खड़ी बाइक अज्ञात ने पार कर दी। घटना तुमगांव थाना क्षेत्र का है। पुलिस को बेलटुकरी निवासी समय लाल साहू ने बताया कि बीते 5 अगस्त को उनकी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनआर 3380 चोरी हो गई। बाइक में उसने 15 हजार रुपए के सोने.चांदी के जेवर और मोबाइल रखा था। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### जुआ खेलते 3 पकड़ा, महासमुंद

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

सेलून के सामने जुआ खेल रहे तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। बसना पुलिस ने बताया कि ग्राम भंवरपुर स्थित सेलून के सामने भंवरपुर निवासी भुनेश्वर सिदार और अन्य दो जुआ खेल रहे थे जिन्हें पकड़ा गया। जुआरियों से 2028 रुपए और ताशपत्ती जब्त कर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

कलेक्टर निलेशकुमार की अध्यक्षता में सोमवार 8 अगस्त को जिले में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक सुदृढ़ किए जाने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित है। बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अपराह्न साढ़े 3 बजे से होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने समिति सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### 54 बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के कुल 54 बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण का सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत समस्त बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां तथा किए गए इंतजामों का निरीक्षण और अवलोकन करने समस्त थाना व चौकी की टीम बैंकों में पहुंची। पुलिस टीम द्वारा बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों तथा उसके फुटेज के स्टोरेज सिस्टम को चेक किया गया ताकि किसी घटना के घटित होने पर फुटेज को तत्काल प्राप्त किया जा सके बैंक परिसर में इमरजेंसी के लिए लगाए गए अलार्म सिस्टम तथा कम्युनिकेशन सिस्टम का भी पुलिस टीम द्वारा जायजा लिया गया। बैंक परिसर में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा बैंक परिसर के बाहर मौजूद लोगों की भी चेकिंग की गई। खासकर बुजुर्गों तथा महिलाओं के समीप दिखने वाले ऐसे लोग जो कि सहयोग करने के बहाने इनके साथ धोखाधड़ी करते हैं उनकी भी चेकिंग की गई। बैंकों के गार्ड व प्रवेश द्वारों का भी सुरक्षा की दृष्टि से अवलोकन किया गया। इस संबंध में सभी थानों की पुलिस टीम द्वारा बैंकों की सुरक्षा तंत्र की मजबूती तथा उसे बढ़ाने के उपायों को बैंक प्रबंधन से चर्चा की गई।

### वृद्ध का शव झाड़ियों में मिला

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ के कोरबा में रविवार सुबह एक वृद्ध का शव झाड़ियों में पड़ा मिला है। वृद्ध के शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं। इसके चलते हत्या की आशंका है। सूचना मिलने पर डायल.112 और बालको थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान ड्यूटी से लौट रहा एक युवक भीड़ देखकर रुका और शव देखने गया तो पता चला कि उसके पिता का था। बताया जा रहा है कि वृद्ध एक दिन पहले ही घर से निकला था।

जानकारी के अनुसार बालको चेकपोस्ट के पास झाड़ियों में रविवार सुबह एक वृद्ध का शव देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। तब तक वहां लोगों की भीड़ जुट गई थी।

## देशव्यापी भारत जोड़ों आंदोलन अभियान का आगाज 14 से

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के अध्यक्ष विजय केशरवानी के निर्देशन में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रतनपुर नगर के ब्लॉक मुख्यालय में अध्यक्ष रमेश सूर्या के नेतृत्व में 14 अगस्त को होने वाले भारत जोड़ो आंदोलन की बैठक आहूत की गई जिसमें पदयात्रा का रूट चार्ट तैयार कर सबके समक्ष रखा गया इसकी शुरुवात महामाया चौक से शुरु होकर पोस्ट ऑफिस,महामायापारा,बड़ी बाजार,नूतन चौक,हाई स्कूल होते हुए ब्लॉक मुख्यालय महामाया चौक रतनपुर में सभा कर कार्यक्रम समाप्त होगा। ब्लॉक में एक दिवसीय होने वाले भारत जोड़ो अभियान पूरे देश में होना सुनिश्चित किया गया है।साथ हि पूरे विधानसभा में अनेक राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल, आयोग सहित संगठन के मुखिया,जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी हर विधानसभा के सभाओ एवं पदयात्रा मे मौजूद रहेंगे। के कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सूर्या, उपाध्यक्ष इल्यास कुरैशी,महामंत्री कमल सोनी,मोहर खान, सुनिता कौशिक,रानी कौशिक,संतोषी कश्यप,सुशीला मानिकपुरी,सरवरी सार्थी,शिवकुमारी, लक्ष्मीन, रामनिहोरा सहित अन्यजन मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब ने ग्रीन कैम्पस क्लीन कैम्पस के तहत पर्यावरण का दिया संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।





शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय सीतापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य शशिमा कुजूर के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना तथा इको क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. रोहित कुमार बरगाह के नेतृत्व में महाविद्यालय कैंपस में हरिहर छत्तीसगढ़ योजना के तहत पौधारोपण का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण रोपित किये। साथ ही इनके सुरक्षा तथा पर्यावरण स्वच्छता के लिए भी संकल्प लिए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित बरगाह ने बताया कि 1 अगस्त से 8 अगस्त 2022 तक स्वच्छता कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा लगातार सतत रूप से किए जा रहे हैं। और आगे भी पौधरोपण एवम स्वच्छता के तहत ग्रीन केंपस. क्लीन कैम्पस के कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। महाविद्यालय कैपस को ग्रीन केंपस क्लीन केंपस योजना के तहत विभिन्न फलदार, फूलदार,औषधि एवं छायादार पौधे रोपित किए हैं। रासेयो एवं इको क्लब के सहयोग से 50 पौधे रोपित किये। आम जनता तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए डॉ रोहित कुमार बरगाह ने बताया कि पर्यावरण को शुद्ध रखना और पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन करना हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है। समाजशास्त्र विभाग द्वारा 4 सेमेस्टर के विद्यार्थियों एवम विभागाध्यक्ष तथा डॉ. एस के टोप्पो मुख्यातिथि द्वारा भी पौधे रोपित कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिए। साथ ही बहुत ज्यादा प्लास्टिक का उपयोग भी बढ़ गया है शासन के द्वारा निर्देशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगा हुआ है। अतः राष्ट्रीय योजना के स्वयंसेवक द्वारा सिंगल प्लास्टिक यूज को बंद करने एवं खादी, कागज या जुट की थैली का उपयोग करने के लिए प्रेरित किये। इस विशेष कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य शाशिमा कुजुर आर एस भगत, डॉ सी टोप्पो, स्नेह लता खलखो एडॉ जुगल किशोर कुजूर, डॉ. प्रवीण कुमार, शीला खेस, सुश्री सरिता देवी धीरज कुमार मिश्रा, रामकिसुन टाइगर, सुशील नाग, आदेश गुप्ता, एफआर भगत `एवं अन्य स्वयंसेवक इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## मिशन 2023 भाजपा बचाओ साय जी को लाओ

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




छत्तीसगढ़ की सत्ता में निरंतर बने रहने के बाद भी जनाधार और सत्ता से पूरी तरह वेदखल हो चुकी भाजपा को अगर फिर से वापसी करनी है तो आदिवासी मुख्यमंत्री की शर्त को स्वीकार ना करने का भाजपा के पास और कोई दूसरा विकल्प नहीं है। आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ के पृथक राज्य बनने पर भी आदिवासी समुदाय के जिस उत्थान की परिकल्पना की गई थी। वह आज पर्यन्त पूरा नहीं हो सका। अलबत्ता 22 साल के छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा उपेक्षा का शिकार आदिवासी समाज ही हुआ है। आदिवासियों की प्राकृतिक संपदा जल जंगल और जमीन की लूट मची है। आदिवासी अस्मिता ही खतरे में दिख रही है और समाज उगा सा है। इस वजह से भी भाजपा को आगामी आदिवासी मुख्यमंत्री के लिये जनाधार को फिर प्राप्त करने में आसानी होगी और सत्ता की राह भी निष्कंटक हो सकती है। वैसे भी छत्तीसगढ़ के निर्माता युग पुरुष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की भी प्रबल इच्छा थी कि आदिवासी बाहुल्य राज्य में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर आदिवासी समाज को ही तरजीह मिले और खुद अटल की पहली पसंद में तब के नेता प्रतिपक्ष और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार साय का नाम शामिल था लेकिन संख्या बल के चलते यह संभव नहीं हो पाया। अब मिशन 2023 के लक्ष्य में भाजपा को आदिवासी मुख्यमंत्री के रूप में नंदकुमार साय के नाम की चुनाव पूर्व घोषणा कर आदिवासी समाज में अपना जनाधार वापस पाना होगा वरना, कांग्रेस को लम्बी पारी से रोकना असंभव हो जायेगा।

## संसदीय सचिव की अगुवाई में हजारों श्रद्धालु बाइक से पहुंचे सिरपुर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में बम्हनी के बम्हनेश्वरनाथ से जल लेकर सिरपुर गंधेश्वरनाथ महादेव में जलाभिषेक किया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की टोली बाइक में सवार होकर सिरपुर पहुंचे थे। जलाभिषेक करने वालों का बम्हनी से लेकर सिरपुर तक जगह. जगह स्वागत किया गया। रविवार को संसदीय सचिव चंद्राकर की अगुवाई में बम्हनी से जल लेकर श्रद्धालुजन सिरपुर के लिए रवाना हुए। जिसका बम्हनी में राजू यादव व गणेश ध्रुव के नेतृत्व में परसट्ठी में गोविंद साहू के नेतृत्व में, बरोण्डाबाजार में सचिन गायकवाड़ के नेतृत्व में, मचेवा में किशन देवांगन के नेतृत्व में, गुरु गोविन्दसिंह उद्यान के पास पार्षद अनिता विजय साव व विजय साव के नेतृत्व, शास्त्री चौक के पास पार्षद निखिलकान्त साहू के नेतृत्व में कांग्रेस भवन के पास पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में, गुलशन चौक में शकील खान के नेतृत्व में तुमगावं चौक में गौतम सिन्हा, केके साहू व हर्ष शर्मा के नेतृत्व में, ओवर ब्रिज के पास खिलावन साहू के नेतृत्व में भोरिंग में गिरधर आवड़े, जोबा में देवसिंह यादव व उदेराम ध्रुव के नेतृत्व में, गढ़सिवनी में तोमन सिंग के नेतृत्व में, पीढ़ी में रेखराम चंद्राकर के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। जलाभिषेक में हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचकर विशेष पूजा में शामिल हुए। बम्हनी में बम्हनेश्वरनाथ की पूजा में संसदीय सचिव चंद्राकर के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र साहू, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्षद्वय खिलावन बघेल, ढेलू निषाद, महामंत्री संजय शर्मा, नरेंद्र दुबे, सेवनलाल चंद्राकर, चमन चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, अमन चंद्राकर, जसबीर ढिल्लो, हरदेव ढिल्लो, आवेज खान, देवव्रत चंद्राकर, ब्रजेन चंद्राकर, ममता चंद्राकर,बबलू हरपाल, दीपक ठाकुर, सूरज नायक, बबलू महानंद, हार्दिक सोना, जब्बर चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, सोमेश दवे, कुलेश्वर ठाकुर, लीलू साहू, राजू यादव, कपिल साहू, बादल मक्कड़, राजेंद्र चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।

## किशन टंडन क्रांति मस्तुरी

लेखक साहित्यकार का एक साथ चार किताबों को विमोचन कार्यक्रम पावन धाम गिरौदपुरी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



रविवार को किशन टंडन क्रांति वरिष्ठ साहित्य कार लेखक को परम पूज्य बाबा गुरू घासी दास की जन्मस्थली तपो भूमि पावन धाम गिरोदपुरी जिला बलौदाबाजार छग जय सतनाम साथियों 7 अगस्त 2022,रविवार, दोपहर 2 बजे मुख्य मन्दिर प्रांगण गिरौदपुरी धाम में सम्मानित कलमकार साथियों एवं सतनाम सन्तों की गरिमामयी उपस्थिति में सतनाम हमर पहिचान सहित 4 पुस्तकों का जिसमें साझा संकलन सतनाम हमर पहिचान कविता संग्रह, ग्राम्य पथ कहानी संग्रह,रंग बिरंगी पेंसिले बाल कविता संग्रह,किशन टंडन क्रांति व्यक्तित्व एवं कृतित्व, विमोचन सम्पन्न होगा। वरिष्ठ साहित्य कार लेखक किशन टण्डन क्रान्ति सम्पादक सहप काव्य विमोचन कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति देकर किशन टंडन क्रांति जुगेश कुमार धीरज, दिलीप कुमार खोटे, बूंदराम जांगड़े, गोवर्धन मार्शल, बेदराम जाटवर वेदांज,मणीशंकर दिवाकर गदगद, रमेश कुमार भास्कर रसिय्यार,कार्तिक पुराण घृतलहरे, मनोज खाण्ड़े मन, व अतिथि साथी, विजय अनंत, रामनाथ टाण्ड़ेकर, शुभम कुर्रे,नवीन कुर्र, रवि पाटले, सभी कलमकार की गरिमा मयी उपस्थिति में यह काव्य साहित्य किताबों का विमोचन हुआ जिसमें मुख्य रूप से सतनाम हमर पहचान काव्य संग्रह में छतीसगढ़ के अनेक साहित्यकार तुम लोगों का समाहित किया गया है। जिसमें सभी साहित्य कार मित्रों ने किशन टंडन साहित्य कार स्नेहिल क्षमा सम्मान देकर हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी वही उपस्थित सभी कलमकारो को सम्मान पत्र से भी सम्मानित किया गया यह जानकारी मणीशंकर दिवाकर ने दी।

# 3 दिन से डायरिया के मरीज जूझ रहे थे परेशानी में प्रशासनिक आमला आई सामने

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बिलासपुर जिले के विकास खण्ड कोटा के ग्राम पंचायत सोनसाय नवागांव के आश्रित ग्राम सोठापरपारा में शुक्रवार रात से उल्टी, दस्त और सर्दी, खांसी और डायरिया जैसी बीमारी से 21 से 22 बच्चों की तबियत 3 दिनों से खराब थी ज्यादा तबियत बिगड़ने पर गांव वालों ने इसकी जानकारी जोहर छत्तीसगढ़ के संवाददाता ताहिर अली को दी।





जिसके बाद मीडिया ने स्वास्थ्य विभाग तथा संबंधित लोगों को इसकी जानकारी दी जिसके बाद प्रशासन में हड़कंप मचा और जनप्रतिनिधि और डॉक्टर उन बच्चों का हाल चाल जानने पहुंचे तब जाकर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। खुद तहसीलदार ने भी माना कि उन्हें इन बीमार बच्चों की जानकारी मीडिया के द्वारा हुई है। आज सुबह सभी बच्चों की ज्यादा तबियत बिगड़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग कोटा की टीम गांव पहुंची और बीमार बच्चों के चेकअप करने के बाद कुछ बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोंगसरा में भर्ती कराया गया वही ज्यादा सीरियस बच्चों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रतनपुर लाया गया है। जिसका इलाज चल रहा है हैं। डी के कोसले तहसीलदार बेलगहना ने बताया कि मीडिया जानकारी मिली जिसके बाद मामले को हमने गंभीरता से लेते हुए मरीजों की इलाज की व्यवस्था मे जुट गए हैं बच्चों की तबियत किस वजह से बिगड़ी है इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को गांव में सर्वे करने बोला गया है। वही बीमार सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

## एक नजर

### ग्राम पाहंदा के सोंनचिरैया माता मंदिर प्रागण के मंच में किसान कि हुई बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेरला ब्लॉक के ग्राम पाहंदा के सोंनचिरैया माता मंदिर प्रागण के मंच में दिन रविवार को 1 बजे बेरला ब्लॉक किसान समिति के ग्राम पाहंदा एजामगांव, देवरी, अहोली, जमधर, चेटवा के किसान बैठक में उपस्थित हुए। बैठक में किसानों द्वारा विशेष रूप से बिजली, पानी की समस्या की बात रखी गई जिसमें विशेष रूप से चर्चा किया गया ए साथ ही पटवारी, आरआई, सचिव, कृषि विस्तार अधिकारी के बारे में चर्चा किया गया। इस बैठक में विशेष रूप से बेरला ब्लॉक किसान समिति अध्यक्ष विजय जैन, मीडिया प्रभारी राजेश यादव, सरपंच ग्राम पंचायत पाहंदा, सरपंच बंशी निषाद, पूर्व सरपंच किसान संघ डॉ. युधि, किसान संघ अध्यक्ष प्रेमू साहू एवं अन्य किसान बंधु उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा शाला के नन्हें बच्चों का निशुल्क दंत परीक्षण शिविर

जोहार छत्तीसगढ़-राजनंदगांव।

लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा लिटिल मिलेनियम स्कूल के छोटे बच्चों का दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 77 बच्चों के दांत का परीक्षण कर उनके पालकों को जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज राजनांदगांव के दंत विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा बच्चों के दांतों की



जांच कर उनके पालकों को परामर्श दिया गया। इस अवसर पर बच्चों को टूथपेस्ट एवं ब्रश प्रदान किए गए। शिविर में लायन अशोक कोटडिया, लायन आकाश चोपड़ा, लायन आनंद वर्गिस, लायन राजेश कोटडिया ने सहभागिता निभाई। शाला की शिक्षिकाओं ने भी शिविर को सफ ल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया। उक्त जानकारी जनसंपर्क अधिकारी अशोक श्रीवास्तव ने दी।

### पर्वों को मनाने शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**कोरबा** । अगस्त माह में विभिन्ना पर्वों को आपसी भाई चारे और सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में हुई। अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले ने अध्यक्षता की। शांति समिति के सदस्यों ने अगस्त माह में होने वाले पर्व विश्व आदिवासी दिवस, मोहर्रम, रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी एवं गणेश चतुर्थी पर्वों को मिल जुल कर और सद्भाव के साथ मनाने का निश्चय किया। जिला प्रशासन की तरफ से सभी संप्रदाय से त्यौहारों को शांति पूर्वक मनाने की अपील की गई। अपर कलेक्टर ने किसी भी धर्म के खिलाफ विवादित नारा या स्लोगन का उपयोग करने से भी बचने की अपील सदस्यों से की। उन्होंने सभी पर्वों को शांतिपूर्वक और सुरक्षित रूप से मनाने के लिए जिले वासियों से सहयोग की भी अपेक्षा की।

# नपाध्यक्ष महिलांग की मांग पर मंत्री ने स्वीकृत किए 5 करोड़



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग एवं पार्षदों ने गुजरात से लौटे नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिव कुमार डहरिया से स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर मुलाकात की और नगर पालिका के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों के दो माह का वेतन तथा फिल्टर प्लांट जल शुद्धिकरण हेतु आवश्यक सामग्री क्रय करने के लिए 5 करोड़ की मांग की। जिस पर नगरीय प्रशासन मंत्री ने तत्काल स्वीकृति दे दी। नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, पार्षद शोभना यादव, कुमारी बाई देवार, नपा के पूर्व उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग, कलार समाज के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिन्हा, सती चंद्राकर, पूर्व पार्षद दशोदा ध्रुव,

पूर्व जनपद सदस्य गिरधर आंवड़े पूर्व उप सरपंच डायमंड कोसरे, लता कैलाश चंद्राकर माना एयरपोर्ट पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। इस दौरान नपाध्यक्ष महिलांग ने कहा कि नगर पालिका के नियमित एवं प्लेसमेंट के 227 कर्मचारियों को विगत दो माह से वेतन अप्राप्त है। उन्होंने यह भी बताया किए बेलसोंडा फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण के लिए एलमए ब्लीचिंग, चूना तथा हाइड्रोक्लोराइड राशि के अभाव में एजेंसी द्वारा सामग्री सप्लाई पर रोक लगा दी गई है।

नगर के 30 वार्डों में निवासरत करीब 80 हजार आवादी को महानदी से पेयजल आपूर्ति की जाती है। जिस पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आवश्यकता की गंभीरता को देखते हुए तत्काल 5 करोड़ रूपए को स्वीकृति दी। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष सहित पार्षदों ने मंत्री इहरिया का आभार जताया।

किसानों की मांग पर खूंटाघाट डेम से नहर में छोड़ा गया पानी

# सीपत मस्तूरी क्षेत्र के सैकड़ों गांव के किसानों को मिलेगी राहत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



खूंटाघाट बांध से बिलासपुर जिले की सीपत मस्तूरी विधानसभा क्षेत्रों के सवा दो सौ से अधिक गांवों के सैकड़ों किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलता है। खूंटाघाट बांध में जमा जल से ही इस क्षेत्र के किसानों की जीवन की दशा और दिशा तय होती है। कुछ दिनों से सीपत मस्तूरी क्षेत्र के किसानों के द्वारा फसल की सिंचाई के लिए पानी की मांग की जा रही थी। किसानों के पानी को मांग को देखते हुए आज बिलासपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, सभापति अंकित गौरहा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों जिला पंचायत सभापति के द्वारा खूंटाघाट डेम के बड़ी नहर के गेट को खोला गया। में बीते कुछ दिनों से बारिश ने किसानों के साथ दगाबाजी कर रखी है इसकी वजह से खेतों में बियासी और रोपाई का काम खासा प्रभावित होरहा है। बारिश नहीं होने जहां पर धान का रोपा लगाया गया था वह अब सूखने की स्थिति में जहां रहा है। इस बात की चिंता लगातार क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि कर रहे है और अफसरों से मांग भी की जा कि गई खेती का काम प्रभावित न हो इसके लिए प्रशासन ऐसे में कुछ जलाशयों से पानी छोडे जानें की मांग जनप्रतिनिधियों ने की है हाल ही में जिला पंचायत की बैठक में भी इस बात को जोर शोर से उठाया गया था। उधर जिला प्रशासन की टीम ने भी बारिश कम होने से सिंचाई का काम प्रभावित होने की रिपोर्ट संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौपी है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक बांध में कुल क्षमता के 88 फीसदी पानी का भराव हो चुका है। केच मेंट एरिया के नदी नालों से बांध में अभी पानी आ ही रहा है। बांध में पानी का भराव पूर्ण हो जाने से वेस्टवियर रपटा में पानी का बहाव शुरू हो सकता है। बिलासपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष अरुण चौहान, सभापति अंकित गौरहा, जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विनोद सिंह ठाकुर सुभाष अग्रवाल, मदन कहरा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


# स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन ब्लॉक खड़गवां में किया

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




नेहरू युवा केन्द्र कोरिया छ.ग. युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्रालय भारत सरकार एवं जिला युवा अधिकारी पवन कुमार के निर्देश पर स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन ब्लॉक खड़गवां में किया गया।

स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत रंगोली एवम निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत इस रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इशा तिवारी द्वितीय स्थान इशिता केशरवानी एवं तृतीय स्थान प्रांजलि केशरवानी ने प्राप्त किया इसी प्रकार निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इशिता केशरवानी द्वितीय स्थान ज्योतिर्मय तिवारी एवम तृतीय स्थान प्रांजलि केशरवानी ने प्राप्त किया इस कार्यक्रम के साथ ही सभी प्रतिभागियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम का महत्व बताते हुए अपने घरों एवं विद्यालय में तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र कोरिया छग.कि राष्ट्रीय युवा स्वयं सेविका अंकिता सिंह के द्वारा



किया गया।अंकिता सिंह ने बताया स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम 1 अगस्त से 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों के साथ किया जाएगा यह कार्यक्रम पूरे ब्लॉक में किया जा रहा है।

# विधानसभा स्तरीय 75 किमी पद यात्रा 9 अगस्त में बेरलाकला से होगा प्रारंभ -विधायक आशीष छाबड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



विधायक कार्यालय बेमेतरा में आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा की उपस्थिति में बेमेतरा विधानसभा स्तरीय पद यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित किया गयाए बैठक में बताया गया की अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक महोत्सव पर विधानसभा स्तरीय पद यात्रा 9 अगस्त से 14 अगस्त तक पदयात्रा प्रस्तावित है जिसमें बेमेतरा विधानसभा स्तरीय पदयात्रा होगी पद यात्रा 9 अगस्त दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे ग्राम बेरलाकला से कण्डरंका कृभालेसर चौक कृहरदी कृपिरदा कृभिभौरी में विश्राम, 10 अगस्त दिन बुधवार को ग्राम भिभौरी से हसदा ग्राम सांकरा में विश्राम,12 अगस्त दिन शुक्रवार को सांकरा से बांसा कृबहेरा नगर बेरला में दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यक्रम में शामिल 13 अगस्त दिन शनिवार को नगर बेरला से रामपुर में विश्राम 14 अगस्त दिन रविवार को ग्राम सरदा से अमोरा ृ गांधी मैदान बेमेतरा में विशाल आमसभा इस अवसर पर अवनीश राघव, टीआर जनार्दन, टीआर साहू, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, विजय पारख, मौजीराम साहू, मंगत साहू, रासबिहारी कुर्रे, मनोज शर्मा, प्रवीण शर्मा, रवि परगनीया, तखत राम साहू, इंद्रचंद जैन, अजय ठाकुर, सिददीक खान, संदीप राजपूत, राजा साहू, यशवंत साहू, राजू साहू, बहल वर्मा, रावेंद्र देवांगन, ध्रुव रजक, रानी सेन, शिल्पी मिश्रा, संतोष महराज, बलवंत साहू, जितेंद्र ढीमर, योगेश मिश्रा, लोकसिंग वर्मा सहित कांग्रेसगण रहे उपस्थित।

# जन सेवा करना मेरा कर्तव्य-अमित यादव

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



अमित यादव जनसेवक व भाजपा नेता ने बेमेतरा जिला के ब्लाक ग्राम पंचायत छीतापार में मेन गली पर नाली निर्माण कार्य की मांग के संबंध में आज ग्रामीणों से सौजन्य मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्या जाना ग्राम छीतापार के मेन बस्ती गली सड़क में बारह महीना कीचड़ होने से स्कूली बच्चों आंगनबाड़ी के बच्चों एवं ग्रामीणों को आने जाने में बहुत ही समस्या हो रहा है सरपंच को नाली बनाने के लिए ग्राम के पंच एवं ग्रामीण बोलते हैं तो सरपंच द्वारा छीतापार के लोगों को आश्वासन देते रहते हैं जो कि अभी तक छीतापार में कुछ भी कार्य नहीं किया गया है जिसे सरपंच ग्राम पंचायत बैठक के दिन ही छीतापार आता है और बाकी दिन छीतापार नहीं आने से उनके हस्ताक्षर के लिए सभी बच्चे व ग्रामीणों अपने आवश्यक कार्य के लिए भटकते रहते हैं जिसको लेकर ग्राम के युवाओं ने भी ग्राम पंचायत सरपंच के द्वारा राजीव युवा मितान क्लब में सरपंच द्वारा केवल गिने चुने सदस्यों को लिया गया है जबकि ग्राम पंचायत के अंतर्गत 3 ग्राम है जिसमें ग्राम छीतापार से एक भी युवा को नहीं लिया गया जिससे युवकों ने भी अपना नाराजगी शिकायत की है वहीं पर ग्राम पंचायत छीतापार में बिजली कटौती के संबंध में भी सूचना व शिकायत की है जिससे बार.बार बिजली कटौती बंद हो रहा है जिससे कृषि कार्य में महिलाओं व ग्राम वासियों को बहुत ही समस्या का सामना करना पड़ रहा है महत्वपूर्ण समस्या यह है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छीतापार में शिक्षक की व्यवस्था करने के लिए भी ग्रामीणों ने अपना नाराजगी व्यक्त किया गया है इन सभी समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दे चुके हैं तब भी अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से ग्रामीण बहुत ही नाराज हैं जिसको लेकर अमित यादव जनसेवक को भाजपा नेता ने ग्रामीणों से की सौजन्य मुलाकात जिसमें सरपंच की उपस्थिति में सभी ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए 1 सप्ताह के भीतर समस्याओं का निदान करने का आश्वासन जहां पर बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# इंडियन 2 से कट गया काजल अग्रवाल का पत्ता!

पॉपुलर अभिनेता कमल हासन की हाल ही रिलीज में हुई मूवी विक्रम ने बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन प्रदर्शन कर दिखाया है। लोकेश कनगराज के डायरेक्शन में बनी इस मूवी में कमल हासन के साथ विजय सेतुपति और फहाद फासिल बजी रहे। वहीं, सूर्या ने कैमियो रोल किया था। अब कमल हासन अपनी मूवी इंडियन 2 पर फोकस भी कर रहे है। शंकर के डायरेक्शन में बनने वाली ये मोवए वर्ष 2020 से आर्थिक कारणों से रुकी हुई थी। साथ में ये खबर आ रही है कि कमल हासन मूवी इंडियन 2 के लिए दीपिका पादुकोण को लेने के इच्छुक हैं।

जिसके पूर्व कमल हासन की मूवी इंडियन 2 का काजल अग्रवाल भाग थीं। हालांकि, कुछ परिस्थितियों की वजह से वह फिल्म से पीछे हट चुकी है। ऐसा लगता है कि काजल अग्रवाल मैटरनिटी लीव के चलते खुद को मूवी से हटा लिया हो। रिपोर्ट के अनुसार, मेकर्स अब दीपिका पादुकोण या कैटरीना कैफ जैसी बड़ी एक्ट्रेसेस को ढूंढ रहे है। हालांकि,मूवी की लीड अभिनेत्री को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मेकर्स कमल हासन के साथ दो बॉलीवुड एक्ट्रेसेस को साइन कर सकते हैं। मेकर्स की तरफ से काजल अग्रवाल के बाहर होने की आधिकारिक घोषणा का भी इंतजार है। काजल अग्रवाल का मूवी से बाहर होना ऐसे समय में हुआ है जब उन्होंने मूवी में अपने कैरेक्टर के कुछ हिस्सों की शूटिंग पहले ही कर ली थी। मूवी इंडियन 2 में कमल हासन के अलावा सिद्धार्थ, रकुल प्रीत सिंह, प्रिया भवानी शंकर, बॉबी सिम्हा, नेदुमुदी वेणु और समुथिरकानी भी लीड रोल में दिखाई देने वाले है। कमल हासन ने पहले ही कहा था कि डायरेक्टर शंकर द्वारा राम चरण की मूवी आरसी15 की शूटिंग करने के उपरांत वह निश्चित तौर से मूवी इंडियन 2 को फिर से शुरू करने वाले है। गौरतलब है कि फरवरी, 2020 में कमल हासल, काजल अग्रवाल और डायरेक्टर शंकर फिल्म इंडियन 2 के सेट पर क्रेन दुर्घटना से बच गए थे। 19 फरवरी की रात में ईवीपी फिल्म सिटी में सेट को बनाते समय क्रेन गिरने से तीन टेक्नीशियन की मौत हो गई थी और 12 लोग जख्मी हो गए थे।

# मानसून के दौरान अपने लेदर के बैग्स को ठीक रखना चाहते हैं तो अपनाएं ये टिप्स

मानसून के दौरान लेदर के बैग्स को फैशन का हिस्सा बनाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है क्योंकि इस मौसम में नमी और हवा में मौजूद कीटाणु लेदर के बैग्स को खराब कर सकते हैं। इनके कारण बैग्स पर फफूंद लगने की संभावना काफी बढ़ जाती है। अगर आप अब इस सोच में पड़ गए हैं कि लेदर का बैग्स का कैसे ध्यान रखा जाए तो आइए आज हम आपको इसके लिए कुछ टिप्स देते हैं।

पानी से बचाकर रखें अपने बैग

शायद आप इस बात से वाकिफ न हों, लेकिन ज्यादातर लेदर के बैग वॉटरप्रूफ नहीं होते हैं, इसलिए यह पानी के संपर्क में आने से खराब हो सकते हैं। अगर किसी कारणवश आपका लेदर बैग गीला हो जाता है तो आप बीजवैक्स (मोम) का इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि बीजवैक्स के इस्तेमाल से बैग की चमक कम हो सकती है, इसलिए जितना संभव हो सके अपने बैग को पानी से दूर रखने की कोशिश करें।

## अपने बैग ठीक से सुखाएं और सीधी धूप से दूर रखें

घर लौटते ही अपने लेदर के बैग को कुछ घंटों के लिए सीलिंग फैन के नीचे रखें ताकि उस पर जमा हुई नमी ठीक से सूख जाए। अगर आप जल्दी में हैं और अपने लेदर के बैग को सीधी धूप में या हीटर के पास सूखने के लिए छोड़ देते हैं तो आपको बता दें कि ऐसा करना गलत है। अत्यधिक तापमान और सीधी धूप आपके लेदर के बैग को नुकसान पहुंचा सकती है।





# इस रक्षाबंधन पर खुद बनाएं अपने भाई के लिए राखी

भाई-बहनों के बीच प्यार भरे बंधन का जश्न मनाने के लिए रक्षाबंधन का शुभ दिन कुछ ही दिनों में आने ही वाला है। हालांकि, अगर आपने इसके लिए अभी तक राखी नहीं खरीदी है तो अपने भाई के प्रति प्यार को इजहार करने के लिए अपने हाथों से घर पर ही खूबसूरत राखियां बना सकती हैं। आइए आज हम आपको पांच तरह की राखी बनाने का तरीका बताते हैं, जिनसे आप अपने भाई की कलाई को सजा सकती हैं।

**कार्टून वाली राखी**- अगर आपका भाई छोटा है और वह कार्टून का शौकीन है तो उसके पसंदीदा कार्टून चरित्र जैसे टॉम एंड जेरी या डोरेमोन को चुनकर उससे राखी बनाएं। इसके लिए सबसे पहले अलग-अलग व्यास के एक सर्कल के आकार में दो रंगीन फेल्ट काट लें, फिर फेल्ट के बीच में एक साटन का रिबन रखें और इसे गोंद से चिपकाएं। अब इसके शीर्ष पर कार्टून चरित्र का मोटा स्टीकर चिपकाएं। इस तरह आपके भाई को पसंद आने वाली राखी तैयार है।

# सुभाश्री ने 'इंदुबाला भाटर होटल' के साथ अपनी ओटीटी डेब्यू की

बंगाली अभिनेत्री सुभाश्री गांगुली ने आगामी श्रृंखला 'इंदुबाला भाटर होटल' के साथ ओटीटी में प्रवेश किया है। वह कहती हैं कि वह थोड़ी नर्वस है लेकिन वेब शो में अभिनय करने के लिए बेहद उत्साहित भी हैं। देबालॉय भट्टाचार्य द्वारा निर्देशित और सुभाश्री अभिनीत, यह श्रृंखला होइचोई पर आधारित होगी।

ओटीटी में पदार्पण और श्रृंखला में अपने चरित्र के बारे में बात करते हुए, सुभाश्री गांगुली ने कहा, मैं अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए बेहद उत्साहित हूं और वह भी होइचोई जैसे प्लेटफॉर्म के साथ, जो कि प्रमुख बंगाली ओटीटी प्लेटफॉर्म है। गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ढेर जिसका 'इंदुबाला भाटर होटल' जल्द ही हिस्सा होगा! उन्होंने आगे कहा, यह श्रृंखला ईमानदारी से मेरे ओटीटी की शुरूआत करने के लिए सही लगती है क्योंकि चरित्र की कई परतें हैं और यह एक चुनौतीपूर्ण है। इंदुबाला जटिल, प्रेरणादायक और शक्तिशाली कैरेक्टर है और मैं थोड़ा नर्वस हूं लेकिन इसे निभाने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इसके अलावा, मैं लंबे समय से देबालॉय भट्टाचार्य के साथ काम करना चाहती थी और यह श्रृंखला मुझे ऐसा करने का अवसर प्रदान करती है।



## खेल

# भारत ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 4 रनों से हराया

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने खुद से मजबूत मानी जा रही इंग्लैंड को हराकर कॉमनवेल्थ गेम्स के विमेंस टी-20 क्रिकेट के फाइनल में जगह बना ली है। रविवार रात 9:30 बजे फाइनल में टीम इंडिया का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया है।



## पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल हुआ है क्रिकेट

भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने कॉमनवेल्थ गेम्स में इतिहास रच दिया है। भारत ने सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को 4 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। कॉमनवेल्थ गेम्स में पहली बार विमेंस क्रिकेट को शामिल किया गया और भारतीय टीम ने पहले ही प्रयास में फाइनल में जगह बना ली है।

## ऑस्ट्रेलिया को कड़ी चुनौती दे सकती है इंडियन विमेंस टीम

इंग्लैंड की ही तरह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टी-20 में इंडियन विमेंस टीम का रिकॉर्ड बहुत बेहतर नहीं है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 ञ-20 मुकाबले खेले हैं, जिनमें टीम इंडिया को सिर्फ 6 मैचों में जीत मिली है। 16 दफा ऑस्ट्रेलियाई टीम जीती है और 1 मैच में कोई परिणाम नहीं आ सका। हालांकि जिस शानदार तरीके से करीबी मुकाबले में भारतीय महिलाओं ने इंग्लिश टीम को पस्त किया, उसे देखकर कहा जा सकता है कि भारत फाइनल में जीत का दावेदार है।

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 85 रन से हराकर रिकॉर्ड 5वीं बार आईसीसी महिला ञ-20 वर्ल्ड कप अपने नाम कर लिया था। 8 मार्च,2020 को खेले गए उस मैच में भारत का पहली बार चैंपियन बनने का सपना चकनाचूर हो गया था। ऑस्ट्रेलिया की ओर से रखे गए 185 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 5 गेंद बाकी रहते 99 रन पर सिमट गई थी।

## स्मृति मंधाना ने सेमीफाइनल में खेली धमाकेदार पारी

*टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 160 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने 32 गेंदों पर 61 रन की पारी खेली। जेमाइमा रोड्रिगेज ने 31 गेंदों पर 44 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 160 रन ही बना सकी। कप्तान नैट शिवर ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए।*

भारत की ओर से स्नेह राणा ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए।

# राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया है: मोदी

नईदिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलवान मोहित ग्रेवाल को बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने पर शनिवार को बधाई दी और कहा कि भारतीय पहलवानों ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है।



ग्रेवाल ने पुरुषों के 125 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस तरह से भारत ने शुक्रवार को प्रत्येक भार वर्ग में पदक हासिल किया। उसने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल छह पदक जीते।

मोदी ने ट्वीट करके कहा, हमारे पहलवानों ने बेहतरीन फॉर्म दिखाई है। मोहित ग्रेवाल ने पदक विजेताओं में अपना नाम लिखवाया है। उनकी एकाग्रता लाजवाब थी और उन्होंने देश को कांस्य पदक दिलाया। उन्हें बधाई। उम्मीद है कि आने वाले समय में वह सफलताओं के नए मुकाम हासिल करेंगे।''

## एक नजर

# सुधीर को पुरुष हैवीवेट में रिकार्ड अंक के साथ गोल्ड

**बर्मिंघम** । भारत के सुधीर ने यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा के पुरुष हैवीवेट फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह राष्ट्रमंडल खेलों की पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 212 किग्रा वजन उठाकर रिकॉर्ड 134.5 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुधीर हालांकि अपने अंतिम प्रयास में 217 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहे।



भारत के मुरली श्रीशंकर ने पुरुष लंबी कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा लेकिन मोहम्मद अनीस याहिया 5वें स्थान पर रहे। श्रीशंकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष लंबी कूद स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार श्रीशंकर ने अपने पांचवें प्रयास में 8.08 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक अपने नाम किया। स्वर्ण पदक जीतने वाले बहामास के लेकुआन नेर्न ने भी अपनी दूसरी कोशिश में 8.08 मीटर का ही सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। लेकुआन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास हालांकि 7.98 मीटर का रहा जो श्रीशंकर के 7.84 मीटर के दूसरे सर्वश्रेष्ठ प्रयास से बेहतर रहा जिसके कारण उन्हें विजेता घोषित किया गया। साथ ही लेकुआन ने अपने दूसरे प्रयास में यह दूरी हासिल की और उन्हें हवा से कम सहायता मिली। श्रीशंकर के प्रयास के समय हवा की गति प्लस 1.5 मीटर प्रति सेकेंड जबकि नेर्न के प्रयास के समय माइनस 0.1 मीटर प्रति सेकेंड थी।

# सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया से हारी भारतीय महिला हॉकी टीम, अब कांस्य के लिये खेलेगी

आखिरी मिनटों में वंदना कटारिया के गोल के दम पर शानदार वापसी करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम राष्ट्रमंडल खेलों के बेहद रोमांचक सेमीफाइनल में शूटआउट में आस्ट्रेलिया से 0 . 3 से हार गई और अब कांस्य पदक के लिये खेलेगी । कांस्य पदक के मुकाबले में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। दसवें मिनट में ही रेबेका ग्रेइनेर के गोल के दम पर आस्ट्रेलिया ने बढत बना ली थी लेकिन इसके बाद गोलकीपर कप्तान सविता पूनिया की अगुवाई में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भारतीय रक्षापंक्ति ने आस्ट्रेलिया को बांधे रखा । तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम के लिये बराबरी का गोल 49वें मिनट में सुशीला के पास पर वंदना कटारिया ने किया । विवादित पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिये नेहा, नवनीत कौर और लालरेम्सियामी गोल नहीं कर सकीं जबकि आस्ट्रेलिया के लिये एम्ब्रोसिया मालोन, एमी लॉटन और कैटलीन नोब्स के शॉट निशाने पर लगे । भारत को पहले क्वार्टर में छह पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका । इसके बाद भारतीय रक्षापंक्ति ने जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए आस्ट्रेलियाई स्ट्राइकरों को कोई मौका नहीं दिया ।

हिटमैन ने तोड़ा बूम-बूम अफरीदी का रिकॉर्ड

# इंटरनेशनल क्रिकेट में रोहित ने जड़े 477 छक्के, 553 छक्कों के साथ यूनिवर्स बॉस गेल नंबर 1

वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे T-20 मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 16 गेंदों पर 33 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल रहे। तीसरा छक्का जड़ते ही रोहित ने सबसे ज्यादा छक्के मारने के मामले में शाहिद अफरीदी को पछाड़ दिया। रोहित के नाम अब 477 छक्के दर्ज हो गए हैं।

रोहित शर्मा मॉडर्न डे क्रिकेट के सबसे धमाकेदार बल्लेबाजों में शुमार किए जाते हैं। जबतक हिटमैन मैदान पर मौजूद रहते हैं, इंडियन फैंस की उम्मीदें जीवित रहती हैं। अब हिटमैन एक नए मिशन पर निकल पड़े हैं। मिशन है इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का।




रोहित की फॉर्म को देखकर लगता है कि यह कारनामा वह जल्द ही कर सकते हैं। विंडीज के खिलाफ खेली गई पारी के दौरान हिटमैन ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 16 हजार रन भी पूरे कर लिए। रोहित से पहले भारत के लिए छह खिलाड़ी ही इंटरनेशनल क्रिकेट में 16 हजार या उससे ज्यादा रन बना सके थे। इंटरनेशनल क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल के नाम हैं। गेल ने अबतक 483 मैच खेलकर कुल 553 छक्के ठोके हैं। वैसे कप्तान रोहित शर्मा के पास अब छक्के जड़ने के मामले में क्रिस गेल को भी पीछे छोड़ने का मौका है क्योंकि गेल काफी समय से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं।ऐसे में रोहित के पास मौका है सिक्सेस की दुनिया का नया यूनिवर्स बॉस बनने का।

# पेनल्टी शूटआउट के दौरान घड़ी की गलती के कारण टीम ने लय गंवा दी : भारतीय महिला हॉकी कोच

बर्मिंघम । राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम की ऑस्ट्रेलिया के हाथों से सेमीफाइनल में विवादास्पद हार के बाद राष्ट्रीय टीम की कोच यानेक शोपमैन ने कहा कि घड़ी की गलती के कारण उनकी खिलाड़ियों ने लय खो दी और इससे वे काफी निराश और गुस्से में थी।



ऑस्ट्रेलिया ने पेनल्टी शूटआउट में भारत को विवादास्पद तरीके से 3-0 से हराया। वह स्वर्ण पदक के मुकाबले में इंगलैंड से भिड़ेगा। पेनल्टी शूटआउट के दौरान अपना पहला प्रयास चूकने वाली ऑस्ट्रेलिया की रोजी मेलोन को एक और मौका दिया गया क्योंकि स्कोर बोर्ड पर आठ सेकंड की उलटी गिनती शुरू नहीं हुई थी। मेलोन दूसरा मौका मिलने पर नहीं चुकी और उन्होंने अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इंग्लैंड के तकनीकी अधिकारी बी मोर्गन के इस फैसले से भारतीय प्रशंसक गुस्से में थे। प्रत्येक खिलाड़ी को शूटआउट में गेंद को जाली में डालने के लिए आठ सेकंड का समय मिलता है। मेलोन को दोबारा मौका मिलने के बाद भारतीय टीम लय गंवा बैठी और अपने पहले तीन प्रयास में गोल करने में नाकाम रही। दूसरी तरफ आस्ट्रेलिया ने अपने सभी मौकों को भुनाया। शोपमैन ने मैच के बाद कहा, 'इससे हमने थोड़ी लय गंवा दी। इस फैसले से हर कोई निराश था। उन्होंने कहा, 'मैं इसे बहाने के रूप में इस्तेमाल नहीं कर रही हूं लेकिन जब आप शूटआउट में बचाव करते हैं तो इससे आपका मनोबल बढ़ता है।

# पैरोल से भागे कैदियों का पता लगाने में बिलासपुर पुलिस की असफलता दे रही पुलिस नाकामी का सबूत

## क्या पुलिस कप्तान से नहीं संभल रही न्यायधानी..?

बिलासपुर । सेंट्रल जेल से पैरोल लेकर फरार हत्या व अपरण के तीनों कैदियों के बारे में पुलिस अभी तक पता नहीं लगा पाई है। जेल प्रबंधन ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि कैदियों के बारे में खोजबीन चल रही है।




उनके रिश्तेदारों से संपर्क किया जा रहा रहा है। अनिल सोनी उर्फ रिंकू(35) हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। बीते 1 जुलाई को वह सेंट्रल जेल से पैरोल से 15 दिनों के लिए बाहर निकला था। इसके बाद कैदी को दोबारा वापस जेल जाना था।

पैरोल का समय खत्म होने के बाद भी कैदी जेल नहीं पहुंचा है। वहीं, सरकंडा के दो बच्चों का अपहरण कर फिरौती मांगने वाला आरोपित अनिल कुमार पाठे (30) सेंट्रल जेल के दरवाजे तक पहुंचा, लेकिन जेल में दाखिल नहीं हुआ। वह अपनी पत्नी के साथ कहीं चला गया। सेंट्रल जेल बिलासपुर से पेरोल पर छूटने के बाद फरार हुआ तीसरा आरोपित सेवकदास (32) निवासी चनाडोंगरी हत्या का आरोपी है। पैरोल खत्म होने के बाद भी वापस जेल नहीं लौटा। सिविल लाइन पुलिस तीनों मामलों में अपराध दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

### इससे पहले भी भागे बंदियों का पता नहीं चला

इससे पहले भी सेंट्रल जेल से कैदी भाग चूके हैं। महिनों गुजर जाने के बाद भी पता नहीं चल पाया है। लूट की वारदात में शामिल बंगला देशी नागरिक को पुलिस ने वर्ष 2014 में गिरफ्तार किया था। विचाराधीन बंदी की तबीयत खराब होने पर उसे सिम्स में इलाज के लिए दाखिल किया गया था। ड्यूटी पर पदस्थ आरक्षक को चकमा देकर वह फरार हो गया था। पुलिस आज तक उसे तलाश नहीं पाई है। जेल प्रबंधन पुलिस को सूचना देकर खानापूर्ति करते हैं। दूसरी ओर पुलिस खोजबीन करने का सिर्फ दावा करती है।

# पुलिस से शिकायत की तो बदमाशों ने किया चाकू से हमला, युवक की हालत गंभीर

बिलासपुर । सिटी कोतवाली क्षेत्र में नशेड़ी युवकों ने चाकू व तलवार से युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे युवक के पेट की अतड़ी बाहर आ गई। स्वजन ने घायल युवक को सिम्स में भर्ती कराया है। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।



वारदात के बाद पुलिस ने आरोपित दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। वहीं, तीन दिन पहले घायल युवक के भाई ने बदमाशों के खिलाफ एसपी से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी रंजिश के चलते बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है।

टिकरापारा के रहने वाले गौरव यादव पिता संतोष यादव (28) पान ठेला संचालक हैं। शनिवार की रात 9.30 बजे गौरव अपने घर पर थे। इसी दौरान अजय साहू और उसका साथी तलवार व चाकू लेकर घर के पास आकर गाली-गलौज करने लगा। आवाज सुनकर गौरव और उनका भाई बंटी यादव घर से बाहर निकले।

तब अजय और उसके दोस्त ने गौरव पर चाकू व तलवार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अजय साहू ने चाकू से गौरव के पेट पर वार किया। इससे पेट फटकर अतड़ी बाहर आ गई। बीच बचाव करने पर युवकों ने गौरव के बड़े भाई बंटी पर भी हमला किया है। घटना के बाद दोनों बदमाश फरार हो गए।

इसके बाद स्वजन ने घायल गौरव को सिम्स में भर्ती कराया है। सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस घेराबंदी कर आरोपित अजय साहू और उसका दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से चाकू व तलवार जब्त किए गए हैं। वहीं, घायल गौरव की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### हमलावार नशे का आदी, मोहल्लेवासी परेशान

*घायल गौरव के बड़े भाई बंटी यादव ने बताया कि अजय साहू और उसका साथी अपराधी प्रवृत्ति के हैं। साथ ही 24 घंटे नशे में रहते हैं। मोहल्ले में आए दिन बदमाशी करते हैं। इससे सभी लोग परेशान रहते हैं। तीन दिन पहले अजय के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर एसपी कार्यालय में शिकायत की थी। लेकिन इस बीच अजय साहू और उसके साथी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत करने पर अजय साहू रंजिश रखने लगा था।*

# रक्षाबंधन पर्व को लेकर न्यायाधानी में मची धूम- चौकसे व डीएल? एस परिवार ने सैनिकों को भेजा रक्षासूत्र

**बिलासपुर** । शनिवार को चौकसे व डीएलएस कालेज परिवार की ओर से फौजी भाइयों के लिए राखियां उपलब्ध कराई। अभियान के तहत सैनिकों की कलाई सूनी न हो इसके लिए बहनों द्वारा रक्षा सूत्र भेजा गया है, जो सरहद पर उनकी रक्षा करेगा।



चौकसे कालेज आफ साइंस एंड कामर्स की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने सीमाओं की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व देने वाले जवानों को स्नेह का धागा भेजा है, जो देश की रक्षा में हमेशा तत्पर रहने के कारण रक्षाबंधन में अपने घर आने में असमर्थ होते हैं उनके लिए यह स्नेह का धागा रक्षा कवच साबित होगा।

इस अवसर पर कालेज के रजिस्ट्रार आशुतोष पांडेय, प्राचार्य मंतोष कुमार सिन्हा समेत रासेये स्वयंसेवक विशाखा, आरती उइके, याशिका, अनुपा, लिलिमा, वैष्णवी, जे शिवांगी राव और हिना मेहता ने स्वनिर्मित राखियां प्रेषित की है। इसमें संयोजक ज्ञानेश्वर कश्यप का विशेष सहयोग रहा। रक्षा पर्व को लेकर चौकसे ग्रुप आफ कालेजेस के मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष जायसवाल, डायरेक्टर डा. पलक जायसवाल सहित सभी प्राध्यापकों ने इस अभियान की सराहना की।

### डीएलएस के स्वयंसेवकों में भी उत्साह

डीएलएस पीजी कालेज रासेयो परिवार द्वारा राखी के साथ जवानों का मुंह मीठा कराने के लिए सूखे मेवे, चाकलेट भेजकर अपना स्नेह, प्यार देते हुए उनकी रक्षा की कामना की। इस अवसर पर महाविलय की प्राचार्य डा. रंजना चतुर्वेदी, डा. प्रताप पांडेय (कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो बालक वर्ग), संस्कृति शास्त्री (कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, बालिका वर्ग) स्वयंसेवको में रोशनी देवांगन, अंजली बंजारे, प्रियंका साहू, चंचल पाठक, साजिया खान, अंजली मधुकर, सुमन पटेल, अमित नवरतन, अनिल साहू, विकास पटेल, मधुसूदन साहू, गौरव बघेल शामिल हुए।

### रक्षाबंधन पर्व को लेकर मची धूम

*सामाजिक संस्था, स्कूल व कालेज के विद्यार्थियों से उनके अपने हाथों द्वारा बनाई गई प्यारी-प्यारी राखियां संग्रहित कर उसे परिवार रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में देश की सरहदों पर पहुंचाता है व उन विद्यार्थियों के नाम देश की सरहदों के निगहबान जवानों की कलाई पर बांधता-बंधवाता है। इसके साथ ही अनजानी बहनों का प्यार भरा संदेश भी जवान भाइयों को पहुंचाता है।*

# कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में जैव-विविधता संरक्षण और सामुदायिक विकास पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**जगदलपुर** । कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा मैदानी कर्मचारियों के क्षमता विकास के लिए जैव-विविधता संरक्षण और सामुदायिक विकास पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 4 से 6 अगस्त तक यह कार्यशाला वन विद्यालय, जगदलपुर में तथा फील्ड विज़िट में समापन हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में वन्य जीवन के मुख्य वन संरक्षक श्री अभय श्रीवास्तव उपस्थित थे। विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालने राजीव रंजन, पंचकूला, हरियाणा से, सुश्री सपना गुप्ता, जियोलॉजी डिपार्टमेंट, शासकीय काकतीय विद्यालय, जगदलपुर से, डॉ विद्याधर अटकोरे, सेकॉन, तमिल नाडु से, सौम्या रंजन, समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट, छत्तीसगढ़ से,



अंज़ार नबी, जगदलपुर से, चक्र प्रणव, ईस्ट कोस्ट कंज़र्वेशन ट्रस्ट, विशाखापट्टनम से, डॉ प्रत्युष मोहापात्रा, जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से उपस्थित थे। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक श्री धम्मशील गणवीर ने अतिथियों का स्वागत कर, प्रकृति पूजन के रूप में आंवला पौधे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला की शुरूआत की गई। प्रकृति की रक्षा में नागरिक दायित्व या सामुदायिक हिस्सेदारी के महत्व के बारे में श्री राजीव रंजन ने साहित्यिक रूप से बताया। वहीं सुश्री सपना गुप्ता द्वारा कांगेर घाटी के विभिन्न संरचनाओं जैसे गुफा, जलप्रपात एवं जियो-टूरिज्म के बारे में बताया गया। डॉ विद्याधर ने मीठे पानी के जैव-विविधता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया और कांगेर घाटी तथा सम्पूर्ण पर्यावरण के संरक्षण के लिए व्यवहारिक बदलाव पर भी प्रकाश डाला।




## एक नजर

### विश्व फ्रैंडशिप डे पर शांता फाउन्डेशन ने पूरा किया 365 दिन गौ सेवा का संकल्प

एक साल अंदर में 3650 रोटियां एकत्र कर लोगों को गौ सेवा का बताया महत्व



**बिलासपुर** । विश्व फ्रेंडशिप डे पर शांता फाउंडेशन ने 365 दिन गौस सेवा का संकल्प पूरा किया। संस्था के सदस्यों ने इस दिन को खास बनाने जुटे हुए हैं। एक वर्ष के भीतर सदस्यों ने 3650 रोटियां एकत्र की।शांता फाउंडेशन बिलासपुर के द्वारा गौ सेवा के लिए प्रतिदिन 100 रोटी गुड़ के संकल्प को एक वर्ष पूर्ण हो गया इस दौरान संस्था के सभी सदस्यों से अपने घरों से रोटियाँ बनवा के हमें सहयोग के रूप में देने की अपील की,सभी ने बढ़ चढ़ कर हमारे कार्यालय में रोटियां भेजवाई इस दौरान हमे 3650 रोटियां एकत्रित हुई। शांता फाउंडेशन परिवार अपने जीव दया व सामाजिक सरोकरता के संकल्प को एक और कदम आगे बढ़ाते हुए एक नए संकल्प के साथ न्यायधानी बिलासपुर की इस पुण्य धरा को वृन्दावन बनाने के लिए कृष्ण की प्यारी गय्या मय्या की सेवा के लिए गौ रोटी सेवा का संकल्प पूरा किया। इसी सहयोग की हम आशा करते है की आप सभी इस रोटी सेवा संकल्प में हमारे साथ रहे और आगे साथ बनाये रखेंगे। शांता फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी नीरज गेमनानी ने कहा कि गौ रोटी सेवा से न्यायधानी बिलासपुर व अन्य जगहों में गय्या मय्या को भूखा और बीमार न रहने देंगे।आप भी गय्या मय्या से प्रेम करते है या गय्या मय्या की सेवा करना चाहतें है तो आप अपने जन्मदिवस बच्चो के जन्मदिवस शादी की सालगिरह माता पिता के या गुरुदेव के जन्मदिवस ईष्ट की कृपा या पितरो की शांति के लिए आप भी शांता फाउंडेशन बिलासपुर परिवार के इस सेवा के साथ जुड़े और दूसरे लोगो को भी इस परम पुनीत पुण्यशाली सत्यसनातन धर्म के काम के सहयोग करे।

बिलासपुर में शराबियों का आतंक

# शराब तश्कर को पकड़ने गए चौंकी प्रभारी पर तलवार से हमला, पुलिसकर्मी भी हुए घायल तीन दिन बाद हुआ मामला दर्ज

**बिलासपुर** । शराब तस्करों को पकड़ने गए मल्हार पुलिस चौकी प्रभारी और प्रधान आरक्षक पर दो युवकों ने तलवार से हमला कर दिया। इससे चौकी प्रभारी का सिर फट गया है। बीच-बचाव करने के दौरान प्रधान आरक्षक भी घायल हुए हैं। घायल चौकी प्रभारी को अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना तीन अगस्त की रात 9.30 बजे की है। पुलिस ने शनिवार को दोनों हमलावारों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



**बीते दिन पत्रकार पर भी हुआ था जानलेवा हमला, हमलावर पुलिस की गिरफ्त से बाहर**

तीन अगस्त की रात मल्हार चौकी प्रभारी शंकर गोस्वामी को सूचना मिली कि ग्राम जैतपुरी में शराब तस्करी हो रही है। सूचना पर वे प्रधान आरक्षक के साथ कार्रवाई करने रात 9.30 बजे गांव पहुंचे। वहां पता चला कि शराब तस्कर गांव नहीं पहुंचा है और दूसरे गांव तरफ से आ रहे हैं। पुलिसकर्मी जैतपुरी से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान दो युवक तलवार लेकर पहुंचे और अचानक चौकी प्रभारी शंकर गोस्वामी के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया।

प्रधान आरक्षक ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। हमला करने के बाद दोनों युवक फरार हो गए। प्रधान आरक्षक ने युवकों को पकड़ने के लिए दौड़ाया। तब हमलावार बेशरम की झाड़ियों में जाकर छिप गए। अंधेरा होने के कारण पता नहीं चल पाया। इसके बाद प्रधान आरक्षक ने आनन-फानन में घायल चौकी प्रभारी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया।

घटना के संबंध में उच्चाधिकारियों को जानकारी दी गई। घायल प्रभारी के सिर पर 10-12 टाके लगे हैं। घटना के तीन दिन बाद मस्तूरी पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। शनिवार को पुलिस की टीम हमला करने वाले आरोपित भुरू केंवट और नरेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है।

### पत्रकार के ऊपर भी हुआ था जानलेवा हमला-

बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुक्ति धाम चौक के पास सब्जी मंडी है जहां रोज शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। वहीं से अपने घर जा रहे छत्तीसगढ़ उजाला के संवाददाता प्रतीक ने शराबियों को गाली गलौज करने से मना किया था, तब शराबियों ने बोतल फोड़ कर जानलेवा हमला कर दिया। जिसकी शिकायत सरकंडा थाना में दर्ज है। अभी तक आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। जबकि पीड़ित ने खुद आरोपित की शिनाख्त कर तश्वीरें पुर्व एएसपी उमेश को साक्षा की थी। पुलिस और पत्रकारों पर हमलों से सवाल यह है कि आखिर बिलासपुर पुलिस की नाकामी कब तक जनता को देखने को मिलेगी।

### मामले को दबाकर रखे -

घटना तीन अगस्त की रात 9.30 बजे की है। इस घटना को पुलिस तीन दिनों से दबाकर रखी थी। चार अगस्त को आरोपित युवकों को पकड़ लिया गया। पुलिस दो दिनों से थाने में रखे रहे। शनिवार को पुलिस अपराध दर्ज किया।

# कोडार बांध से पानी छोड़ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद** । किसान नेता अशवन्त तुषार साहू ने बताया कि पर्याप्त बारिश नहीं होने से अंचल में खेती-किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है। पूर्व में लगाए गए धान के पौधे पानी नहीं मिलने से मुरझाने लगे हैं। सूखती फसल को बचाने के लिए कोडर बांध से पानी छोड़ने की मांग की है। जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी को कोडार बांध से पानी छोड़ने के लिए उन्होंने मांग पत्र सौंपा है। अछोली के किसान जगदीश सिंह ठाकुर ने कहा कि स्थिति भयावह है। पानी नहीं गिरने से फसलों की स्थिति खराब है। भोरिंग के किसान तुकाराम बघेल ने कहा कि बांध से पानी छोड़ा जाए जिससे पौधों को सूखने से रोका जा सके।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा नगर मंडल पहुंची घर घर

प्रदेश महामंत्री किरण सिंह देव एवं जिला प्रभारी लोकेश कावड़िया की उपस्थिति में स्कूली बच्चों को वितरित किया गया तिरंगा झंडा

जगदलपुर । हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से अपनी अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल की फोटो को तिरंगे से बदलने का आह्वान किया था ।जिससे भारतीयों में देशभक्ति की भावना का संचार करना है।



इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा भी शनिवार को हर घर तिरंगा को सफल बनाने के लिए अपनी तरफ से भी व्यवहारिक व ठोस कदम उठाए हैं। शौंडिक भवन पर कंगोली प्राथमिक शाला स्कूली बच्चों के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री किरण सिंह देव, प्रभारी लोकेश कावड़िया एवं जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, महामंत्री रामाश्रय सिंह एवं नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता की उपस्थिति में आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर 75 झंडे देकर स्कूली बच्चों एवं घर घर जाकर तिरंगा भेंट कर इसकी महत्ता बताई गई। भाजपा नगर मंडल द्वारा स्कूल बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर लोकमान्य तिलक वार्ड पर भ्रमण भी किया गया एवं घर घर जाकर तिरंगा देने के साथ उन्हें लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

**हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के तहत स्कूली बच्चों के साथ किया गया जागरूकता अभियान**

**75 में आजादी के अमृत महोत्सव में 75 झंडे का किया गया वितरण**

प्रदेश महामंत्री किरण सिंह देव ने कहा हर बूथ में 25 से 50 तिरंगे घर-घर मे फहराना चाहिए। पहले सूर्योदय के पश्चात सूर्यास्त के पहले झंडा फहरता था। अब इस झंडे को रात दिन अपने घरों पर फराह सकते हैं। प्रभारी लोकेश कावड़िया ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने राष्ट्रीयता की भावना को घर-घर तक पहुंचाने के लिए हर घर तिरंगा 75 वी आजादी के अमृत महोत्सव में प्रारंभ करवाया।

जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने कहा जिले के सभी मंडलों के माध्यम से हर बूथ मे पहुंचने का निर्देश भाजपा के कार्यकर्ताओं को दिया। नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा शहर के 48 वार्ड के हर बूथ पर भाजपा नगर मंडल 25 से 50 झंडे लगाने का संकल्प लेता है। जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह एवं नगर महामंत्री संग्राम सिंह राणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन संग्राम सिंह राणा एवं आभार सुरेश कश्यप ने किया। इस अभियान में मुख्य रूप से सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, योगेश शुक्ला, रोशन झा, बिजली वैध, कौशल्या साहू, टेक सिंह ठाकुर, गोपाल पटेल, संजय चंद्राकर, पूर्णिमा, जानकी, सुंदरी, नेहा, चंपा सहित स्कूली बच्चों के साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कुरलूबहार के 230 शिव कांवरिया जलाभिषेक करने पहुंचे गायत्री शक्तिपीठ स्थित शिव मंदिर कोंडागाँव







**कोंडागाँव।** गायत्री शक्तिपीठ कोंडागांव के जिला संयोजिका महिला प्रकोष्ठ श्रीमती दीपमाला वैष्णव ने जानकारी देते हुए कहा कि सावन का पवित्र महीना जिस माह में स्वयं शिव शंभू स्वर्ग लोक से पृथ्वी लोक पर पधारे रहते हैं ।जिसके कारण लाखों श्रद्धालु गण अपने भोलेनाथ जी को जल चढ़ाने अनेक शिव मंदिरों में जाते हैं। इस पवित्र भावना के साथ दिनांक 06/08/ 2022 को गायत्री शक्तिपीठ कोंडागांव स्थित शिव मंदिर में माकड़ी ब्लाक के ग्राम कुरलूबहार हीरापुर के 230 शिव कांवड़ियों ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर श्रद्धा पूर्वक शिवलिंग में जल चढ़ाया गया। एवं सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामया के भाव के साथ गायत्री महामंत्र का पाठ किया।इस अवसर पर मंदिर परिवाज्रक लखनलाल कोर्राम द्वारा पूजा संपन्न कराया गया। तथा जिला संयोजक महिला प्रकोष्ठ श्रीमती दीपमाला वैष्णव एवं महिला प्रकोष्ठ टीम गायत्री शक्तिपीठ द्वारा सहयोग प्रदान किया गया ।

## आजादी के हीरक महोसत्व में कोंडागांव विधानसभा में 75 किलोमीटर की होगी आजादी गौरव पदयात्रा



**कोंडागांव।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ हीरक महोत्सव के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक कोंडागांव मोहन मरकाम के नेतृत्व में दिनांक 9 अगस्त दिन मंगलवार से कोंडागांव विधानसभा स्तरीय आजादी गौरव पदयात्रा का प्रारंभ किया जाएगा यह पदयात्रा 9 अगस्त को प्रात: 7:00 बजे ग्राम देवी मां शीतला माता मंदिर के प्रांगण से प्रारंभ होगी जो पहले दिन ग्राम संबलपुर कुसमा से होते हुए बनियागांव तक पहुंचेगी इस प्रकार से लगातार पांच दिनों तक ये पदयात्रा चलेगी व कोंडागांव विधानसभा के 23 ग्रामो से गुजरेगी जिस दरम्यान लगभग 80 किलोमीटर का फासला तय किया जाएगा जहा जहा रात्रि विश्राम होगा वहाँ वहां रामायण मंडली व भजन मंडलियों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा व कोंडागांव विधानसभा में किये गए जनहित व विकास कार्य व छत्तीसगढ़ प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा किए जा रहे हैं जनहित के कार्यों को चलित चलचित्र के माध्यम से प्रदर्शित कीया जाएगा व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को लेकर के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिन ग्रामों में रात्रि विश्राम होगा उस गांव में दूसरे दिन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रात: प्रभात फेरी निकाली जाएगी व श्रमदान किया जाएगा जिसके पश्चात दूसरे दिन की पदयात्रा प्रारंभ होगी पदयात्रा के दौरान पद यात्रा मार्ग में आने वाले सभी ग्रामों में नुक्कड़ सभा के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखा जाएगा दिनांक 13 अगस्त को ग्राम शामपुर में इस पद यात्रा का समापन होगा । कोंडागांव जिला व ब्लाक कांग्रेस ने कोंडागांव विधानसभा के सम्माननीय नागरिकगणो से आजादी गौरव पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है ।

## छत्तीसगढ़ की पहली महिला लेफ्टिनेंट वंशिका पांडे को मधुसूदन यादव ने दी बधाई



**राजनांदगांव** । भारतीय थल सेना में छत्तीसगढ़ की पहली महिला लेफ्टिनेंट बनने पर आज वंशिका पांडे को उनके जूनी हटरी स्थित निवास जाकर जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने पुष्पगुच्छ देकर बधाई व शुभकामनाएं दी।

श्री यादव ने कहा कि वंशिका पांडे ने राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। वंशिका पांडे शुरू से ही मेधावी छात्र रही है। पांडे परिवार की बेटी वंशीका पांडे ने छत्तीसगढ़ की पहली महिला लेफ्टिनेंट बन संस्कारधानी का नाम रोशन किया है। यह हमारे राजनांदगांव के लिये बहुत बडी गौरव की बात है। वंशिका पांडे ने मेकनिकल इंजीनियरिंग में पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही एसएससी की परीक्षा में 18 हजार परीक्षार्थियों के बीच चयनित हुई और सेना के इंटरव्यूह के लिये बुलाया गया, इंटरव्यूह और मेडिकल टेस्ट के बाद ट्रेनिंग के लिये चैन्नयी के आफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी भेजा गया, सफलतापूर्वक ट्रेनिंग के पश्चात 30 जुलाई को अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड में सेना के उच्चाधिकारियों के बीच अकादमी के अन्य सफल उम्मीदवारों के साथ वंशिका पांडे को मार्च पास्ट और गोलियों के बीच अधिकारियों ने कमीशन प्रदान किया। जूनी हटरी निवासी श्री अजय पांडे की पुत्री एवं पूर्व महापौर स्व. श्री विजय पांडे की भतीजी ने लेफ्टिनेंट बन अपने परिवार, नगर, जिला सहित छत्तीसगढ़ को गौरान्वित किया है। इस अवसर राधेश्याम गुप्ता, किशुन यदु,अतुल रायजादा, तरुण लहरवानी, योगेश बागड़ी,हर्ष रामटेके, शिव वर्मा, , विजय राय, मणिभासकर गुप्ता, पारस वर्मा, गप्पु सोनकर, पारुल जैन, लक्ष्मण यादव ने भी वंशिका पांडे को बधाई दी है।

## मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु 04 अर्हता तिथियां निर्धारित

**कोण्डागांव।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 01 जनवरी 2023 की स्थिति में मतदाता सूची का वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 09 नवम्बर 2022 से 08 दिसम्बर 2022 तक चलाया जावेगा। आयोग द्वारा मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए आम जनों की सुविधा हेतु 04 अर्हता तिथियों के संदर्भ में निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है तथा उक्त हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में आवश्यक संशोधन किए गए हैं।

आयोग द्वारा किये गये संशोधनों में मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए नागरिकों की पात्रता हेतु अर्हता तिथि 01 जनवरी के स्थान पर 4 अर्हता तिथियां 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार ऐसे आवेदक जो 01 जनवरी के पश्चात् की अर्हता तिथियों अर्थात् 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर के संदर्भ में पंजीकरण के लिए पात्र हो रहे हैं, वे भी अपने दावे प्रारूप-6 में अग्रिम रूप से जमा कर सकेंगे।

अन्य शब्दों में 17. वर्ष के युवा अब मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें किसी वर्ष की 01 जनवरी को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पूर्वाक्षेपित मानदण्ड की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्धारित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 01 जनवरी 2023 के परिप्रेक्ष्य में उक्त अवधि के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आवेदन प्रारूप-06, विलोपन हेतु प्रारूप-07 तथा नाम, पता, जन्म तिथि संशोधन एवं मतदान केन्द्र परिवर्तन करने हेतु प्रारूप-08 भरकर संबंधित मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ./अभिहित अधिकारी के पास जमा कर सकते है।

## छात्र दुर्घटना बीमा योजनान्तर्गत 6 मृतक बच्चों के परिजनों को मिली बीमा राशि

### कलेक्टर श्री सोनी ने परिजनों को सौंपा बीमा राशि का चेक





**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने छात्र दुर्घटना बीमा योजनान्तर्गत 6 मृत स्कूली बच्चों के परिजनों को एक-एक लाख रूपये बीमा राशि का चेक प्रदान किया और परिजनों से रूबरू होकर संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होने केशकाल ब्लाक अंतर्गत चेरबेड़ामारी निवासी श्री मैनूराम नेताम, ग्राम तुतारी के श्री जुगरूराम एवं आंवरी निवासी श्री देवनाथ नेताम सहित बड़ेराजपुर ब्लाक अंतर्गत कोरहोबेड़ा निवासी श्रीमती ऊषाबाई एवं पिटेचुंआ के श्री अघनसिंह नेताम और माकड़ी ब्लाक के तोरण्डी निवासी श्री सुखचंद प्रत्येक को एक-एक लाख रूपए बीमा राशि का चेक प्रदान किया तथा उक्त राशि का सदुपयोग करने की समझाईश दी। इस मौके पर डीईओ श्री अशोक पटेल तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बस्तरबुडरा में शिविर लगाकर बच्चों एवं विशेष पिछड़ी जनजातीय निवासियों से लिये गये आवेदन

### कोसमी के 09 कमार परिवारों से जातिप्रमाण पत्र एवं वनाधिकार संबंधी आवेदन लिये



**कोण्डागांव।** विगत दिनों जनदर्शन में बड़ेराजपुर जनपद अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बस्तरबुडरा के विशेष पिछड़ी जनजाति के निवासियों द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में पहुंच कलेक्टर दीपक सोनी के समक्ष वनाधिकार एवं अन्य सुविधाओं हेतु मांग की गई थी।

जिसपर कलेक्टर ने त्वरित निर्णय लेते हुए संबंधित विभागों को ग्राम में पहुंच शिविर लगाकर सभी से संबंधित आवेदन लेकर उनके जल्द निराकरण के निर्देश दिये गये थे। जिसपर प्रभारी अधिकारी राजस्व एवं संयुक्त कलेक्टर डीडी मण्डावी सहित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संकल्प साहू, तहसीलदार बड़ेराजपुर सुशील कुमार भोई एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बड़ेराजपुर ग्राम बस्तरबुडरा पहुंचे। जहां उन्होंने शिविर लगाकर ग्राम पंचायत हात्मा, कोसमी एवं बस्तरबुडरा के स्कूली छात्र-छात्राओं हेतु जातिप्रमाण पत्र निर्माण का कार्य किया गया।

## एक नजर

### आजादी के हीरक महोसत्व में कोंडागांव विधानसभा में 75 किलोमीटर की होगी आजादी गौरव पदयात्रा

**कोण्डागांव।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ हीरक महोत्सव के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक कोंडागांव मोहन मरकाम के नेतृत्व में दिनांक 9 अगस्त दिन मंगलवार से कोंडागांव विधानसभा स्तरीय आजादी गौरव पदयात्रा का प्रारंभ किया जाएगा यह पदयात्रा 9 अगस्त को प्रात: 7:00 बजे ग्राम देवी मां शीतला माता मंदिर के प्रांगण से प्रारंभ होगी जो पहले दिन ग्राम संबलपुर कुसमा से होते हुए बनियागांव तक पहुंचेगी इस प्रकार से लगातार पांच दिनों तक ये पदयात्रा चलेगी व कोंडागांव विधानसभा के 23 ग्रामो से गुजरेगी जिस दरम्यान लगभग 80 किलोमीटर का फासला तय किया जाएगा जहा जहा रात्रि विश्राम होगा वहाँ वहां रामायण मंडली व भजन मंडलियों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा व कोंडागांव विधानसभा में किये गए जनहित व विकास कार्य व छत्तीसगढ़ प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा किए जा रहे हैं जनहित के कार्यों को चलित चलचित्र के माध्यम से प्रदर्शित कीया जाएगा व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को लेकर के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिन ग्रामों में रात्रि विश्राम होगा उस गांव में दूसरे दिन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रात: प्रभात फेरी निकाली जाएगी व श्रमदान किया जाएगा जिसके पश्चात दूसरे दिन की पदयात्रा प्रारंभ होगी पदयात्रा के दौरान पद यात्रा मार्ग में आने वाले सभी ग्रामों में नुक्कड़ सभा के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखा जाएगा दिनांक 13 अगस्त को ग्राम शामपुर में इस पद यात्रा का समापन होगा । कोंडागांव जिला व ब्लाक कांग्रेस ने कोंडागांव विधानसभा के सम्माननीय नागरिकगणो से आजादी गौरव पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है ।

### हन्फ़ी मस्जिद गोलबाजार में मोहर्रम पर शोहदा-ए-करबला कमेटी द्वारा 10 रोजा अजीमुशान जलसा तकरीर जारी

**राजनांदगांव** । हनफ़ी मस्जिद गोलबाजार में मोहर्रम पर 1 अगस्त से 8 अगस्त तक रात 10 बजे से तक़रीर जारी है बरेली उत्तरप्रदेश से आये मुफ़्ती मोहम्मद तनविरुल क़ादरी साहब ने कहा मोहर्रम इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना होता है, इस्लामिक साल की जो इब्तेदा शुरुआत होती है,

यह मुहर्रम से होती है यह महीना मुसलमानों के लिए बहुत यादगार महीना होता है, इस्लाम की हिस्ट्री में इस महीने की बहुत बड़ी अहमियत है यह महीना हजरत इमाम हुसैन की शहादत से मशहूर है इसीलिए इस महीने को शहादत्ते हुसैन का महीना भी कहते हैं। मोहर्रम शरीफ का इतिहास यह है हजरत ए हुसैन इस्लाम के आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो वाले वसल्लम के प्यारे नवासे और लाडले हैं हजरत ए हुसैन और उनके साथियों ने दुनिया से आतंकवाद को मिटाने के लिए इंसानियत को जिंदा रखने के लिए कर्बला के मैदान में भूखे प्यासे अपने सर को दिया और अपने परिवार की कुर्बानियां दी और दुनिया को बताया है कि इस्लाम कभी भी ना गलत राह पर चलने का हुक्म देता है और ना साथ देता है, बल्कि इमाम हुसैन ने जो कुर्बानी कर्बला के मैदान में दी थी मोहर्रम के महीने में उसका मकसद यही था कि दुनिया के सामने हक्कानीयत (हक सच्चाई)को उजागर कर दिया जाए और बता दिया जाए के अगरचे बातिल (झूठा मक्कार) कितना भी ज्यादा तगड़ा हो बड़ा हो मजबूत हो लेकिन कभी हक से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए हजरत इमाम हुसैन ने 22000 लश्कर के सामने अपनी हार नहीं मानी बल्कि कहा मैं अपना सर को दे सकता हूं लेकिन कभी गलत का साथ नहीं दे सकता, हजरत ने कहा के मोहर्रम पर इस्लाम मे नाच गाने ढोल ताशे और मन्नती शेर वगैरह का कोई हुक्म मतलब नहीं है। इमाम हुसैन ने अपनी और अपने पूरे घर की कुर्बानियां इस्लाम और इंसानियत को बचाने के लिए दी थी, मोहर्रम गमी का महीना है हज़रत हुसैन से मोहब्बत करने वाले उन दर्दनाक दोनों को याद करके मोहर्रम के इन खास दिनों को अपनी इबादत नमाजो में गुजारे।

### 22वें राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

**जगदलपुर** । जगदलपुर में आयोजित 22वें राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रायपुर ओवरऑल चैंपियन बनी। जिला पंचायत के समक्ष स्थित पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार (टाउन हॉल) में आयोजित समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है, जिससे उन्हें बेहतर प्रशिक्षण मिले और वे देश-दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि जगदलपुर में सिटी ग्राउंड, हाता ग्राउण्ड, इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम और धरमपुरा का क्रीड़ा परिसर जर्जर स्थिति में था। इन खेल अधोसरंचनाओं का विकास अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया जा रहा है। इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम के फुटबॉल मैदान को फीफा द्वारा मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि अच्छे खेल मैदानों में प्रशिक्षण से खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा निखरती है।

महगाई ,बेरोजगारी,आवश्यक वस्तुओं पे जीएसटी लगाने व अग्निपथ योजना का विरोध

## जिला कांग्रेस कोंडागांव ने सामूहिक गिरफ्तारी देकर जताया आक्रोश

कोंडागांव- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान एवम छग प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव ने जिला स्तरीय महंगाई बेरोजगारी अग्निपथ योजना व आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी के खिलाफ धरना प्रदर्शन और जेल भरो आंदोलन किया।



इस अवसर पर उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष झुमुक लाल दीवान सहित अन्य प्रमुख वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा हाल ही में घोषित विवादास्पद खराब कल्पना और जल्दबाजी में तैयार की गई अग्निपथ योजना जिसमें कई जोखिम है जिससे ना केवल सशस्त्र बलों की लंबे समय से चली आ रही परंपरा एवं लोकाचार को नष्ट हों रहा है बल्कि लाखों बेरोजगार युवाओं की आकांक्षा और उनके मनोबल को भी नष्ट कर दिया है वही देश में महंगाई अपने चरम स्तर पर पहुंच गई है पेट्रोल डीजल गैस के दाम दाल खाद्य तेल चावल आटा जैसी आवश्यक वस्तुओं की बढ़ी कीमतों ने आम लोगों का जीना मुहाल कर रखा है वही प्री पैक्ड अनाज आटा दही शहद आदि जैसी आवश्यक वस्तुओं पे अतार्किक ढंग से जीएसटी लगाने के कारण महंगाई और बढ़ रही है गांवों में शहरों में संगठित क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र में हर जगह बेरोजगारी ने विकराल रूप धारण कर रखा है केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं रिकॉर्ड तोड़ महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस सदन से सड़क तक आवाज बुलंद कर रही है केंद्र की मोदी सरकार ईडी सीबीआई जैसे स्वायत्त संस्थाओं का दुरुपयोग करके जिस तरह से कांग्रेस के नेताओं को डरा धमकाकर देश के इन वास्तविक मुद्दों से देश की जनता का ध्यान भटकाना चाहती है लेकिन कांग्रेस के नेता ऐसे डरने वाले नहीं है केंद्र की मोदी सरकार की असफल नीतियों को पर सदन से लेकर सड़क तक उठाते रहे हैं।

मक्का मदीना से हाजियों की हुई वतन वापसी

## मुंबई से रेलवे स्टेशन पहुंचे हाजियों का शहरवासियों ने किया जोदार स्वागत

राजनांदगांव। अमन और खुशहाली की दुआ लिए 40 दिनों की मुकद्दस पाक सफर के बाद जायरीन (हाजियों) की हुई वतन वापसी हाजियों से मिलने और मुबारकबाद देने शहरवासियों मुस्लिम समाज और परिवार के लोग खुशी की भीगी आंख लेकर बड़ी संख्या में रेलवे स्टेशन पर फूल मालाओं के साथ आये। हाजियों ने आस्ताना ए रसूल अल्लाह पर दी हाजरी, गुम्बद ए खजरा का दीदार कर मांगी गई खास देश के लिए अमन की दुआएं।




हज करने वालो में हाजी सलीम रजा तहसीनी, हाजी अनीश भाई, हाजी हनीफ बीबा, हाजी इसहाक अहमद, हाजी ईमरान खान, हाजी हनीफ मोहहमद, हाजी इकरामुद्दीन निर्वाण, हाजी आजम शेख एवं छह मस्तूराते (महिलायें) की वापसी हुई। हाजियों ने मदीने की गलियों का दीदार कर सरकारे-दो-आलम के रोजा ए मुबारक पर हाजरी दी, और नम आंखों से खुशी का इजहार किया, मस्जिद ए नबवी में इबादत के साथ साथ मदीने शरीफ की मस्जिद इबादतगाहो में नमाजे अदा की।


सैय्यद अफजल अली ने कहा हाजी वतन वापसी की इबादत के बाद कुछ समय में मदीने की मार्किट में जाते हैं और अपने अजीजदारों के लिये खरीदारी करते हैं जिसमें खजूर, जा नमाज टोपी, तस्बीह टॉफी आदि चीजों की खरीदारी करते हैं, ताकि जमजम के साथ-साथ अपने अजीजदारों को तोहफे दे में सकें। हाजियों की इस्तकबाल में मुख्य रूप से हाजी तनवीर अहमद, हाजी अब्दुल रज्जाक बड़गुजर, हाजी मंसूर अंसारी, रसीद भाई बैरिंग, जलालुद्दीन निर्वाण, सैय्यद अफजल अली, राजा खान, नईम भाई, अब्दुल कादिर भाई शोहेल रजवी, आसिम अहमद, रेहान कुरैशी आदि ने फूलों के हार पहनाकर गले मिलकर स्वागत किया। उक्त जानकारी मुस्लिम समाज के सैय्यद अफजल अली ने दी।

# परपोड़ा सरपंच व उपसरपंच को अवैध वृक्ष कटाई पर जारी हुआ न्यायालय तहसीलदार बेरला से नोटिस

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

ज्ञात है कि बेरला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत परपोड़ा में सरपंच एवं उपसरपंच के द्वारा अवैध वृक्ष कटाई के संबंध में गंभीर मामला फरवरी 2022 में मामला सामने आया था। जिस पर ग्राम परपोड़ा पटवारी रवि चंद्रवंशी के द्वारा ग्राम पंचायत परपोड़ा पटवारी हल्का नंबर 5 लटटी बाबा रोड में शासकीय नर्सरी जिसको महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत खसरा नंबर 1385 रकबा लगभग 31.52 हेक्टेयर भूमि पर जिसमे नीलगिरी बांस आंवला करौंदा व अन्य वृक्ष लगा हुआ है जिसमे पटवारी ने जांच के दौरान 27 नीलगिरी, बांस के 16 गौठान के पास 7 से 8 नीलगिरी वृक्ष नर्सरी से काटा गया है इसकी पुष्टि करते हुए तुरंत जगह में रहकर उनके द्वारा पंचनामा तैयार किया गया था व नायाब तहसीलदार को सारा रिपोर्ट सौंप दिया था ।


राजस्व मामले में नोटिस
न्यायालय नायब तहसीलदार बेरला
अवैध रूप से वृक्ष कटाई बाबत
समस्त ग्रामवासी विरुद्ध सरपंच
श्री संतोषी साहू ... सरपंच
निवास स्थान परपोड़ा तहसील बेरला
स्थान न्यायालय बेरला
मुहर
पृष्ठांकन क्रमांक-1
बुलाये गये व्यक्ति के हस्ताक्षर
पृष्ठांकन क्रमांक-2
तामील करने संबंधी पृष्ठांकन
तामील करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर


Rev-Hindi.
राजस्व मामले में नोटिस
न्यायालय नायब तहसीलदार बेरला
अवैध रूप से वृक्ष कटाई बाबत
समस्त ग्रामवासी विरुद्ध उपसरपंच
श्री डोमन साहू ... उपसरपंच
निवास स्थान परपोड़ा तहसील बेरला
मुहर
पृष्ठांकन क्रमांक-1
बुलाये गये व्यक्ति के हस्ताक्षर
पृष्ठांकन क्रमांक-2
तामील करने संबंधी पृष्ठांकन
तामील करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर

इस मामले में 5 माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुआ जिससे अधिकारी द्वारा सरपंच व उपसरपंच को संरक्षण की बात सामने आने लगी जिसमे 3 अगस्त 2022 को मीडिया द्वारा मामले को अध्ययन करते हुए जगह में रहकर सारा चीज विस्तार से मामला का उजागर किया इस खबर के बाद नायाब तहसीलदार द्वारा 5 अगस्त को मामले को संज्ञान में लेते हुए ग्राम पंचायत परपोड़ा के सरपंच संतोषी साहू व उपसरपंच डोमन साहू को अवैध वृक्ष कटाई के संबंध में नोटिस जारी किया गया व 8 अगस्त सोमवार को मामले की सुनवाई के लिए पेश होने को कहा।

### मुख्यमंत्री के बेरला नगर आगमन पर ग्रामीणों द्वारा सीधी शिकायत की बात कही

*सूत्रों से जानकारी मिली है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 12 अगस्त को बेरला नगर आगमन होने वाला है शंकर साहू, तेजराम साहू, पंचु निषाद सुनील राजपूत, बीरेंद्र वर्मा, नीरज राजपूत व अन्य ग्रामीणों ने कहा कि नगर आगमन के दिन मुख्यमंत्री से मिलकर अवैध वृक्ष कटाई मामले में सीधी शिकायत की जाएगी।*

## जशपुर विधायक विनय भगत ने सभी लोगों से हमर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर जशपुर विधायक विनय भगत ने प्रदेशवासियों को 11 से 17 अगस्त स्वतंत्रता सप्ताह मनाने की अपील की। इस समय पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रही है वहीं छत्तीसगढ़ शासन आजादी के 75 वें वर्ष पूरे होने पर स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमर तिरंगा अभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। जो एक सप्ताह तक हर घर मे तिरंगा फ हराया जाएगा स्वतंत्रता सप्ताह के रूप में भव्य रूप से मनाने जा रही है। इस अवसर पर जशपुर विधायक विनय भगत ने वीडियो जारी कर कहा जय जोहार मैं विनय भगत विधायक जशपुर 15 अगस्त 2022 को देश की आजादी के 75 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस गौरवमय समय को यादगार बनाने के लिए और जन मानस में बसी देशभक्ति की भावना को और मजबूत बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमर तिरंगा अभियान का आगाज हो चुका है। आइए हम सब अपने घरों में, अपने संस्थानों में, अपने कार्यालयों में, अपनी पंचायतों में, अपने गौठानों में भी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फ हराएं। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है, इसकी आन-बान-शान के लिए लाखों लोगों ने कुर्बानियां दी हैं, इसलिए तिरंगा शान से फ हराएं, पूरे सम्मान के साथ फहराएं। हमर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि लहर-लहर लहराए तिरंगा हमर तिरंगा हमर तिरंगा जय हिंद, जय छत्तीसगढ़, जय जशपुर। भगत भी भव्य रूप से हमर तिरंगा अभियान को ऐतिहासिक बनाने में लोगों से लगातार अपील कर रहे हैं।

## आकाशीय बिजली से हुई जन-धन हानि की जांच करने और प्रकरण तैयार करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

### एसडीएम और तहसीलदारों को मिला निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने जिले में हुई बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की घटना और इससे हुई जन-धन हानि पर तत्काल जांच के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम और तहसीलदारों को दिए है। कलेक्टर ने आकाशीय बिजली गिरने से हुई मृत्यु पर अपनी संवेदना जाहिर करते हुए दुखद बताया है। उन्होंने जिले में आकाशीय बिजली गिरने से 23 भेड़ों सहित अन्य मवेशियों की आकस्मिक मृत्यु को दुखद बताते हुए जन धन की हानि के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट बनाकर संबंधितों को राजस्व पुस्तक परिपत्र



आरबीसी अंतर्गत प्रकरण बनाकर राहत प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदारों को ऐसे प्रकरणों पर तत्काल संवेदनशीलता दिखाने और शीघ्र प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

### कलेक्टर ने सावधानी बरतने की अपील की

कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने जिले के आमनागरिकों से अपील भी कि है कि तेज बारिश और बिजली कड़कने की खबर पूर्व में मालूम हो जाती है। ऐसे में घर से बाहर रहने के दौरान सावधानी बरतने की तत्काल जरूरत है। आकाशीय बिजली से असमायिक मौत को टालने की दिशा में सावधानी और सतर्कता काम आ सकती है। कलेक्टर ने तेज बारिशए नदी के तेज बहाव, पुल पुलियों से ऊपर पानी बहने पर सतर्कता बरतने और पानी का तेज बहाव कम होने तक पुल-पुलिया न पार करने, सर्पदंश की दशा में तत्काल अस्पताल पहुचने की अपील भी की है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में 3 उत्कृष्ट गौठान होंगे पुरस्कृत

**दंतेवाड़ा** । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट गौठानों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा उत्कृष्ट गौठनों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राज्य के तीन सर्वश्रेष्ठ गौठानों को राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में 50-50 हजार रूपए का पुरस्कार तथा प्रत्येक जिले के एक-एक उत्कृष्ट गौठानों को 25-25 हजार रूपए का पुरस्कार जिला स्तरीय समारोह में प्रदान किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट गौठान से संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गौठान समिति के अध्यक्ष को मुख्य अतिथि द्वारा शाल, फल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट गौठानों को पुरस्कृत करने हेतु 10 लाख रूपए का अनुमोदन गोधन न्याय मिशन की बैठक में किया जा चुका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि विभाग ने उत्कृष्ट गौठानों के चयन के लिए बुनियादी ढ़ांचा, गोबर क्रय एवं कम्पोस्ट उत्पादन, विविध आजीविका एवं स्वावलंबन को आधार मानते हुए इसके लिए कुल 100 अंक निर्धारित किए हैं। बुनियादी ढांचा के अंतर्गत गौठानों में पानी, विद्युत, शेड, कोटना निर्माण, सोलर पम्प, फेंसिंग सहित जियो टैगिंग के लिए अधिकतम 7 अंक निर्धारित किया गया है।

## नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना का किया जिक्र

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की सातवीं बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बैठक से संबन्धित एजेंडा बिन्दुओं के अतिरिक्त राज्यहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और विषयों पर अपनी बात रखी। वहीं, बैठक में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना का जिक्र भी किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री ने विशेषकर गोधन न्याय योजना का जिक्र करते हुए कहा किए गोबर से तैयार हो रहे वर्मी कम्पोस्ट खेतों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक है। यह किसानों के हित में अच्छी योजना है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में नीति आयोग ने प्रदेश के आकांक्षी जिलों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की है।

लेकिन राज्य में संसाधनों की समस्याएँ अभी भी हैंए जिनका समाधान होना चाहिए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ अनाज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है। फ सल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजनाए मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना लागू करने के साथ ही छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन गठित किया गया है।

बघेल ने सुझाव दिया कि फसल विविधीकरण एवं दलहलए तिलहन का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए नवीन विकसित फ सल किस्मों के नि:शुल्क बीज मिनी किट एवं ब्रीडर सीड बड़े पैमाने पर कृषि अनुसंधान संस्थानों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। बघेल ने कोल ब्लॉक कंपनियों से कोल उत्खनन पर 295 रुपये प्रति टन के मान से केंद्र के पास जमा राशि 4,140 करोड़ छत्तीसगढ़ को शीघ्र देने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य का लगभग 65 प्रतिशत खनिज राजस्व का स्रोत प्रदेश में संचालित लौह अयस्क खानें है। रॉयल्टी दरों में संशोधन राज्य के वित्तीय हित में आवश्यक है। बघेल ने कोयला एवं अन्य मुख्य खनिजों की रॉयल्टी की दरों में संशोधन का अनुरोध किया। बघेल ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा पर होने वाला व्यय केंद्र शासन द्वारा वहाँ किया जाना चाहिए। नक्सल उन्मूलन के लिए राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती पर हुये सुरक्षा व्यय 11 हजार 828 करोड़ रुपये को केंद्र सरकार द्वारा वहन करते हुये राज्य को इस बकाया से मुक्त किया जाए।

## एक नजर

### जिला प्रशासन द्वारा आज 75 वां आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर दोपहर 1 बजे तिरंगा यात्रा निकालेगी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिला प्रशासन और कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में भारत की स्वतंत्रता का 75 वां वर्ष, आज़ादी का अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर 8 अगस्त को 2022 को दोप.1 बजे से बस स्टैंड जशपुर से आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल ग्राउंड तक तिरंगा यात्रा आयोजित किया जा रहा है कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने तिरंगे के सम्मान में शहर के सभी गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों आम नागरिकों और पत्रकारगणों को तिरंगा यात्रा में अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया है तिरंगा यात्रा के लिए कि सभी को सफेद पोशाक में तिरंगा झंडा के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### मलेरिया से 10 साल के छात्र की मौत

कई दिनों से बीमार था तीसरी कक्षा का स्टूडेंट; बीजापुर में 10 दिन में दूसरी मौत



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 10 साल के छात्र की मलेरिया से मौत हो गई है। छात्र तीसरी कक्षा में पढ़ाई करता था। वह पिछले कई दिनों से मलेरिया से जूझ रहा था। रविवार को बेहोशी की हालत में परिजन छात्र को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बीजापुर जिले में 10 दिनों के अंदर यह मलेरिया से दूसरी मौत है। इससे पहले भी एक छात्र की मौत हुई थी। दरअसल, बीजापुर जिले के बासागुड़ा में आश्रम-शाला संचालित है। इसी आश्रम-शाला में छात्र मोडियम देवा तीसरी कक्षा में पढ़ाई करता था। कुछ दिनों पहले छात्र की अचानक तबीयत बिगड़ी थी और उसे अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया था। जहां मलेरिया की जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इलाज के बाद तबीयत थोड़ी ठीक हुई तो परिजनों को खबर कर छात्र को डल्ला गांव उसके घर भेज दिया था। घर जाने के एक-दो दिन बाद फिर से तबियत बिगड़ने लगी। जिसके बाद परिजन बासागुड़ा के अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज चला। जब स्वास्थ्य में सुधार नहीं आया तो रविवार की सुबह छात्र को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि छात्र को बेहोशी की हालत में लाया गया था। हालत काफी नाजुक थी। इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई।

#### दूसरी कक्षा के छात्र की भी हुई थी मौत

बीजापुर जिले में कुछ दिन पहले दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र की मलेरिया से मौत हो गई थी। छात्र तामोड़ी के आश्रम-शाला में रहकर पढ़ाई करता था। वह 3 दिनों से बीमार था। आश्रम के अधीक्षक ने दवा दी थी, जिसके बाद छात्र सो गया। फिर दूसरे दिन सुबह उसने आंख नहीं खोली। बीमारी के चलते छात्र ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद कलेक्टर ने अधीक्षक की लापरवाही बताते हुए उन्हें निलंबित कर दिया था।

### आश्रम-छात्रवासों के 6 प्रभारी अधिक्षक स्वेच्छा से बदले गए

**बीजापुर** । जिले में जिले में मलेरिया का कहर जारी है, कई आश्रमो के बच्चों को मलेरिया होने की पुष्टि हुई है। उक्त परिप्रेक्ष्य मे बीजापुर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देश पर जिले के समस्त अधीक्षक एवं मंडल संयोजक की संयुक्त बैठक 01 अगस्त को आयोजित की गई। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास प्रशांत कुशवाहा द्वारा सख्त निर्देश दिया गया था। जिसमें बच्चों की समुचित देखभाल, खानपान, स्वास्थ्य सहित बच्चों की सेहत की निगरानी एवं आवश्यक उपचार कराने अस्पताल में भर्ती करने एवं उनके पालकों को सही समय पर सूचित करने के साथ ही आश्रम में पर्याप्त ड्यूटी करने के निर्देश दिया गया था साथ मे यह भी कहा गया था कि आश्रम के प्रभारी अधीक्षक के रुप दायित्व निर्वहन करने में स्वयं को सक्षम नहीं समझते है तो वे सूचित करें ताकि उनके स्थान पर किसी दूसरे अधीक्षक की नियुक्ति की जा सके मीटिंग के दौरान कुल 06 अधीक्षकों ने स्वेच्छा से मूल पद स्थापना मे जाने की बात कही, वहीं एक अधीक्षक का कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर अधीक्षक पद से पृथक कर मूल संस्था मे भेजा गया।

## कलेक्टर ने आदर्श कन्या आश्रम बगीचा का निरीक्षण कर बच्चों को मिल रही सुविधाओं का लिया प्रत्यक्ष जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस विकासखंड बगीचा के आदिम जाति अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय आदर्श कन्या आश्रम बगीचा का आकस्मिक निरीक्षण कर बच्चों को मिल रही सुविधाओं का प्रत्यक्ष जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि 70 सीटर क्षमता के इस कन्या आश्रम में कक्षा एक से लेकर कक्षा 5वीं तक बच्चे रहकर पढ़ाई कर रहे है। अग्रवाल ने उपस्थित अधीक्षिका से कहा कि बच्चे अपने गांव और मां-बाप से दूर आश्रम में रहकर पढ़ाई करने आए हैं। उनके साथ पालक की तरह व्यवहार करते हुए उनके भविष्य निर्माण में सहयोगी बनें। कलेक्टर ने आश्रम में बच्चों के शयनकक्षए रसोईघर, शौचालय सहित पूरे परिसर का अवलोकन करते हुए बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने आश्रम की नियमित साफ सफ ाई के साथ ही बच्चों की आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही बच्चों को मेनू चार्ट के अनुसार पौष्टिक भोजन प्रदान करने एवं भोजन की गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य मे किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। साथ ही बच्चों के लिए खेल कूद एवं मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने आश्रम परिसर में साग-सब्जी और फलदार पौधे लगाने के लिए कहा। इस दौरान अग्रवाल ने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से बड़ी आत्मियता से वार्तालाप कर उनसे सामान्य ज्ञान के सवाल किए। जिसका बच्चों ने बड़ी सहजता से जवाब दिए। साथ ही बच्चों ने कलेक्टर को कविताएं, पहाड़ा भी सुनाई। उन्होंने बच्चों के जवाब से प्रभावित होकर सभी बच्चों को टॉफ ी बांटी एवं अच्छे से पढ़ाई करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

## विधायक भगत एवं कलेक्टर अग्रवाल ने घोलेंग स्थित नवीन संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

### विधायक जशपुर विनय भगत एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल द्वारा आज जशपुर के घोलेंग स्थित नवीन संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया।



इस अवसर पर वन मण्डलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग बी के राजपूत, विद्यालय के स्टॉफ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं उपस्थित थे। विधायक एवं कलेक्टर ने विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं, प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैबए सहित छात्र छात्राओं के आवासीय परिसर का अवलोकन करते हुए बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने परिसर की नियमित साफ सफाई के साथ ही बच्चों की आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही विद्यार्थियों को निर्धारित मेनू के मुताबिक भोजन प्रदान करने एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने की बात कही।

विधायक एवं कलेक्टर द्वारा विद्यार्थियों से चर्चा कर सुविधाओं एवं उनकी पढ़ाई, टीचर की उपलब्धता, शैक्षिणक पाठ्यक्रम एवं भोजन के संबंध में भी जानकारी ली। विधायक भगत ने बच्चों को भावी कैरियर निर्माण के संबंध में उपयोगी सुझाव देते हुए अच्छे से पढ़ाई करने के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि अपना पूरा ध्यान अध्ययन में लगाकर लक्ष्य को हासिल करें और अपने माता-पिता सहित जिले का नाम रौशन करें। इस दौरान विधायक भगत एवं कलेक्टर अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। साथ ही सभी छात्र छात्राओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in